# हाईस्कूल में अनन्या व इंटर में रागीश बने टॉपर

## मेधावियों ने लहराया परचम, शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं

**सीबीएसई बोर्ड**

संवाददाता, कार्यालय चित्रकूट



खुशी मनाते केंद्रीय विद्यालय के मेधावी बच्चे। अमृत विचार


इंटर टॉपर रागीश पटेल।


हाईस्कूल टॉपर अनन्या पटेल।


आलोक।


दिव्यांका सिंह।


अपनी मां के साथ प्रसून।

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की इंटरमीडिएट और हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। मेधावियों ने अपनी मेहनत के अनुरूप परिणाम पाकर जमकर खुशियां मनाई। इंटरमीडिएट में केंद्रीय विद्यालय के रागीश पटेल 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे वहीं हाईस्कूल में सेंट थामस स्कूल की अनन्या पटेल जिले में अव्वल रहीं।

इंटर में केंद्रीय विद्यालय के विनीत सिंह को 98 प्रतिशत, अखंड को 95.6 प्रतिशत, आलोक को 95 फीसद और सिद्धार्थ को 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। यहां हाईस्कूल में सनत कुमार 95 फीसदी अंक के साथ अव्वल रहे। प्रसून नारायण तिवारी को 94 प्रतिशत, प्रिया सिंह को 90 प्रतिशत, नव्या गुप्ता को 89.8 प्रतिशत और अभिषेक जायसवाल को 88.8 प्रतिशत अंक मिले। यहां 12वीं में सभी 45 बच्चे उत्तीर्ण रहे और सभी प्रथम श्रेणी में आए। इसी प्रकार 10वीं में सभी 45 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में पास की।

अशोक पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट में लवदीप सिंह पुत्र कुलदीप सिंह ने कालेज टॉप किया। उसे 96 फीसदी अंक प्राप्त हुए। गौरव पुत्र सुधीर कुमार और भूमि अग्रवाल पुत्री पंकज अग्रवाल (88.8 फीसदी) संयुक्त रूप से दूसरे, संपदा पुत्री विकास श्रीवास्तव (86.8 फीसदी) तीसरे स्थान पर रहीं। संदीप कुमार पुत्र चंद्रभान सिंह 85 फीसदी अंकों के साथ चौथे, सूर्यांश चंदेल पुत्र प्रीतम सिंह (84.6 फीसदी) को पांचवां, सौरभ सिंह (84.2 फीसदी) को छठां और श्रेया व आजवी सिंह (83.4 फीसदी) को कालेज में सातवां स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रबंधक अशोक गुप्ता और अध्यापकों ने बच्चों के बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


होनहार बच्चों के साथ अशोक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक और शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार


लवदीप सिंह, गौरव, भूमि, संपदा, संदीप, सूर्यांश, सौरभ, आजवी, श्रेया।, सनत कुमार, अखंड, नव्या, प्रिया, अभिषेक, सिद्धार्थ, विनीत

## देत हन नेउता...


चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अगुवाई में प्रशासन जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश में जुटा है। प्रशासन ने बाकायदा निमंत्रण कार्ड से लोगों को मतदान करने की अपील की है। डीएम ने सोमवार को गांधीगंज में घरों में लोगों को नेउता (न्यौता) देकर वोट डालने की अपील की। मतदाताओं से पर्ची वितरण की भी जानकारी ली। आश्वस्त किया कि बूथों पर किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, एएसडीएम आलोक कुमार सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

## ड्रोन कैमरे से हुई शहर की निगरानी

**चित्रकूट।** अतर्रा (बांदा) में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में भी पुलिस ने चौकसी बरती। प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस टीम ने ट्रैफिक चौराहा, पटेल तिराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। बताया कि आगे भी कस्बों, ग्रामीण इलाकों एवं वन क्षेत्रों की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी।

### दो आरोपियों से 277 लीटर शराब बरामद

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के एसआई कन्हैया ने सिरावल माफी में राममिलन को 204 लीटर कच्ची शराब, दो क्विंटल लहन व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने संजय को 73 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनायें

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● जीजीआईसी में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

● शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की बात कही गई।

प्रधानाचार्य पार्वती देवी व अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. गौरी ने अभिभावकों और छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। डॉ. गौरी ने कहा कि मतदान एक मौलिक अधिकार है। इसे लोकतंत्र की रीढ़ माना जाता है। मात्र हस्ताक्षर अभियान चलाने से मतदान प्रतिशत नहीं बढ़ाया जा सकता है। सबको मिलकर प्रतिज्ञा करनी होगी कि शत प्रतिशत मतदान करेंगे। प्रधानाचार्य ने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन देकर या भय दिखाकर मतदान कराना संविधान के विरुद्ध है। कार्यक्रम में शिक्षिका लक्ष्मी देवी, शशि मिश्रा, डॉ. दीपिका वर्णवाल, सविता यादव, मनीषा यादव, रुचि यादव, ओमप्रकाश, सुनीता, रश्मि सिंह, प्रीती, दीप्ती सिंह, दीक्षा त्रिपाठी, अंजना सिंह, रसनामणि पटेल आदि मौजूद रहीं।



मतदाता जागरुकता संगोष्ठी में मौजूद शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्राएं।

## मतदाता बनने को जमा करायें सदस्यता शुल्क

**हमीरपुर।** एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव संचालन समिति की सम्मिलित बैठक सोमवार दोपहर 12 बजे संपन्न हुई। जिसमें 14 मई तक सदस्य बनने की अंतिम तिथि तय की गई है। बैठक में सभी अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि मंगलवार शाम तक सदस्यता शुल्क जमा कर मतदाता बन जाएं। 15 मई को प्रस्तावित मतदाता सूची चस्पा कर दी जाएगी।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जयकरन सिंह ने बताया कि एल्डर्स कमेटी के चुनाव की घोषणा हो चुकी है। कहा कि सदस्य बनने की अंतिम तिथि 14 मई तय है। सभी अधिवक्ताओं से अपील है कि जो सदस्य एल्डर्स कमेटी के पास सदस्यता शुल्क जमा नहीं कर सके हैं। वह मंगलवार शाम तक हर हाल में सदस्यता शुल्क जमा करके मतदाता बन जाएं। 15 मई को प्रस्तावित मतदाता सूची बार संघ भवन में चस्पा कर दी जाएगी। कहा कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 16 मई को कर दिया जाएगा।

## ...तो अब बार संघ करेगा बैंक खातों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुक्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव कराया जा रहा है। पूर्व पारित आदेश पांच मई के क्रम में स्पष्ट किया है कि वर्तमान कार्यकारिणी को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के बैंक खातों को संचालित किए जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष फूल सिंह व महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को अवगत कराया कि जनपद में तीन माह हड़ताल रहने के कारण चुनाव की घोषणा नहीं हो पाई थी। जिसके चलते गलत तथ्यों के आधार पर एल्डर्स कमेटी ने वर्तमान कार्यकारिणी के विरुद्ध शिकायत की है।

कहा बार काउंसिल ने आदेश पांच मई के क्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव कराया जा रहा है। लेकिन, एल्डर्स कमेटी ने बार काउंसिल के आदेश को गलत ढंग से बार संघ के बैंक खाते में रोक लगा दिया है। जिस कारण बैंक खाते का संचालन नहीं हो पा रहा है। जबकि बार काउंसिल ने बैंक खातों का संचालन को रोके जाने के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है।

## जर्जर तार दे रहे हादसों को दावत

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत पियरिया माफी में पावर हाउस छीबों के जिम्मेदारों की लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। घरों के ऊपर से निकले जर्जर तार अक्सर टूटकर गिरते हैं पर जिम्मेदारों को चिंता नहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि वैसे तो पूरे गांव के अंदर हाईटेंशन तारों से बिजली दौड़ रही है और लगभग छह ट्रांसफार्मर हैं। सालों पहले लगी तारें अब उपभोक्ताओं के कनेक्शन का भार नहीं सहन कर पा रही हैं और आयेदिन टूट रही हैं।

शिवाकांत शुक्ला, भागवत पांडेय, विद्याभूषण पांडेय, नानबाबू, दिनेश गुप्ता आदि ग्रामीण बताते हैं कि कई बार बिजली विभाग को तारों को बदलने के लिए कहा गया लेकिन दूसरों गांवों में तो बदल दी गईं पर यहां अब तक नहीं बदली जा सकी। ग्रामीणों ने एक्सईन राजापुर से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।


इस तरह पेड़ों के पास से निकले हैं बिजली के तार। अमृत विचार

● आयेदिन टूटकर गिरते रहते हैं तार, कोई ध्यान देने वाला नहीं

## सार-संक्षेप

### श्रद्धालुओं ने दो जेबकतरों को दबोचा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र के रामघाट स्थित महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं ने दो जेबकतरों को दबोचा और पुलिसकर्मियों को सौंपा। मंदिर में श्रद्धालु भारी संख्या में जलाभिषेक करने आते हैं और जेबकतरे भीड़ का फायदा उठाते हैं। सोमवार को ज्यादा भीड़ रहती है।

### बेसहारा महिला को मदर्स डे पर किया सम्मानित

**राजापुर (चित्रकूट)।** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बीते दिन मदर्स डे पर तुलसीनगर में असहाय महिला को कपड़े, राशन फल देकर सम्मानित किया। बाद में एसडीएम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस फोर्स के ठहरने के लिए वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा, वकील, परवीन, नूरी खान, मनोज जायसवाल, हरिश्चंद्र गोस्वामी, अरुण जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### छात्र हुआ लापता, परिजनों ने दी तहरीर

**चित्रकूट।** अशोक पब्लिक स्कूल में दसवीं का छात्र जय त्रिपाठी (13) पुत्र सत्यनारायण निवासी बाई का कुंआ, सरैया के गुम होने की खबर है। बताया जाता है कि वह सुबह बस से स्कूल गया था पर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी है। सरैया थाना प्रभारी यदुवीर सिंह ने बताया कि पता चला है कि बच्चा छुट्टी होने के बाद बाहर तो निकला पर बस में नहीं बैठा। जानकारी की जा रही है।

**प्रारुप सं0–3**
**प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, चित्रकूट**

**याचिका/बाद संख्या 309 सन् 2023**
**श्रीमती गुडिया देवी आदि**
**बनाम**
**धर्मेन्द्र कुमार उर्फ रवि**

**बनाम–** धर्मेन्द्र कुमार उर्फ रवि उम्र लगभग 23 साल पुत्र शिव प्रसाद, निवासी–ग्राम–विशालपुर, पोस्ट– अर्जुनपुर, थाना–बरौधा, जिला–सतना म0प्र0।

उपरांकित याची आपके विरूद्ध याचिका में यथास्थापित (याचिका से संलग्न) याचिका संस्थित की है। आपसे आप इस समन की तामील की तारीख से चार सप्ताह की अवधि के भीतर इस न्यायालय मे वैयत्तिक रुप से उप संजात होने अथवा न्यायालय की अनुमति से वकालत नामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है और वाद को दिनांक 4–6–2024 को न्यायालय के पटल पर निर्देश के लिए प्रस्तुत किया जायेगा आपको एतद्वारा दिनांक 4–6–2024 को 8–00 बजे सुबह उक्त पर याची के दावा का उत्तर देने के लिए न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होने हेतु समन किया जाता है।

आपको यह सूचित किया जाता है कि पूर्वोल्लिखित दिन पर उन पक्षकारो की जो उपसंजात होते है सुनवाई के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के सलाहकार के समक्ष उपस्थित होने की तारीख तथा याचिका से सम्बन्धित अन्य विषयों के बारे मे निर्देश दिया जायेगा और पुनःआपको यह सूचित किया जाता है कि यदि आप वैयत्तिक रुप से उप संजात होने मे अथवा यथा पूर्व निर्देशित वकालतनामा दाखिल करने में विफल रहते है या यदि आप पूर्वाल्लिखित दिन पर न्यायालय के समक्ष उप संजात होने मे विफल रहते है तो याचिका को उसी दिन अथवा किसी पश्चातवर्ती दिन 'अप्रतिरक्षित' के रुप मे अभिखण्डित किये जाने के लिए पटल पर आदेशित करा सकेगा तथा आप अपने विरूद्ध किसी अथवा आदेश पारित किये जाने के लिए दोषी होगे।

**पदिमिहिति अधिकारी**

**हादसा** दो बच्चों की मौत से गांव में पसरा रहा सन्नाटा, घरों से आती रहीं रोने और चीखने की आवाजें

# अपने दोनों दोस्तों की याद में स्कूल नहीं गए बच्चे, सभी दिखे दुखी

हरीनारायण पांडेय, (चित्रकूट)

● रविवार को दो बच्चों के तालाब में डूबकर मौत होने का मामला


छोटू की मां कविता को ढांढस बंधाते ग्रामीण और परिजन। अमृत विचार


सनी उर्फ श्रवण।


छोटू उर्फ गिरधर


बदहवास सरोज।



स्कूल में छाया रहा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांव के तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत से पिपरौंद गांव में सोमवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। हर व्यक्ति की जुबान पर दुखद हादसे की ही चर्चा थी। दो बच्चों को खोने से गांव के बच्चे भी मायूस रहे और स्कूल तक नहीं गए। शिक्षकों और ग्रामीणों ने भी इसे अति दुखद घटना बताया। साथ ही उन्होंने कहा पूरे विद्यालय परिवार को पीड़ित परिवार से शोक संवेदना है।

रविवार को पिपरौंद निवासी बालगोविंद का 11 वर्षीय बेटा सनी उर्फ श्रवण कुमार अपने फुफेरे भाई छोटू उर्फ गिरधर पुत्र दिनेश मिश्रा निवासी सालिगपुर के साथ गांव के पास जोरवा तालाब में नहाने गया था। दोनों बच्चों की तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। सोमवार को भी इस घटना का असर गांव में नजर आया। गांव के लोग आपस में बातें कर रहे थे कि इस तालाब को अमृत सरोवर बनाने के दौरान जेसीबी से खुदाई की गईं थी जिससे तालाब गहरा हो गया था। बताया जाता है कि बच्चे तालाब में नहाने के बहाने इस पार से उस पार तैर कर पार करने का प्रयास कर रहे थे। कुछ बच्चे सफल हुए और लगता है कि ये दोनों थक गए और डूब गए। बच्चों के तालाब में डूबने की जानकारी जैसे ही घर पहुंची, सब बदहवास हो गए।

### गांव जाना था पर रुक गए

मृतक गिरधर उर्फ छोटू की मां कविता पत्नी दिनेश चंद्र मिश्रा निवासी सालिकपुर ने रोते हुए बताया कि कल ही छत्तीसगढ़ से सुबह उसके पापा का फोन आया था और बात हुई थी। बताया कि उन लोगों को रविवार को गांव लौट जाना था पर पड़ोस में भागवत कथा के समापन का भंडारा था इसलिए रुक गए।

### कभी तालाब नहाने नहीं गए थे बच्चे

कविता ने बताया कि बच्चे घर में ही नहाते थे। कभी तालाब नहाने गए ही नहीं थे। रविवार को पता नहीं कैसे इन सबका कार्यक्रम बन गया और सभी नहाने चले गए। गांव में दोनों बच्चों के शांत स्वभाव की चर्चा थी। दोनों पढ़ने में भी होशियार थे। अपने छोटे भाई गिरधर की याद कर नयन बार बार रो पड़ता था।

### बदहवास है सनी की मां

श्रवण कुमार उर्फ सनी की मां सरोज की तो हालत ही खराब हो गई। वह रोते रोते बेहोश हो रही थी। होश आने पर यही कहकर बिलखती थी कि हमने अपने बेटे के साथ भांजे को भी खो दिया। श्रवण दो बहनों सुहानी, शानी का इकलौता भाई था।

## पुलिस ने दो परिवारों को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दो परिवारों को विघटन से बचाया है।

रोशनी पुत्री रामभवन निवासी विद्यानगर ने पति राममिलन पुत्र भगवती निवासी खोर थाना रैपुरा व सुनीता उर्फ सीमा पुत्री मोहन निवासी ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा ने पति जितेंद्र पुत्र रतीराम निवासी हरपालपुर जिला छतरपुर (मप्र) तथा ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट, गालीगलौज व दहेज के लिए प्रताड़ित करने के संबंध में एसपी को प्रार्थनापत्र दिए थे। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी गुड्डी देवीने दोनों पक्षों को बुलाया व समझाया। इस पर दोनों दंपति साथ रहने को राजी हो गए। पुलिस टीम में आरक्षी शिवांगनी श्रीवास्तव और अनामिका सिंह शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि आगे भी प्रयास जारी रहेगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। अमृत विचार


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब। अमृत विचार

# जिसे पाकिस्तान अच्छा लगता है, यहां से जाएं: योगी

## भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

- कहा, नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, कोई छेड़े तो छोड़ता भी नहीं
- सपा, बसपा और कांग्रेस ने संसाधनों को लूट कर अपनी जेबें भरीं


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुफ्तगू करते सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी।

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड में लगातार बढ़ रहे तापमान के साथ ही यहां चुनावी पारा भी तेजी से चढ़ने लगा है। चौथे चरण के मतदान के साथ ही पांचवें चरण के चुनाव को लेकर सभी सियासी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है। लोकसभा का रण जीतने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा-चित्रकूट सीट से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पाकिस्तान के समर्थकों को भारत का बोझ कम करते हुए वहां चले जाने का संदेश दिया। कहा कि जिसे पाकिस्तान अच्छा लगता है, वह भारत से निकल कर पाकिस्तान चले जाएं और वहां भीख मांगें। जहां एक ओर पाकिस्तान में आटा के लिए खूनी संघर्ष की खबरें आ रही हैं, वहीं मोदी सरकार में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में नए भारत का सीना गर्व से चौड़ा हुआ है। देश के दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहा कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है।

उन्होंने पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों ने यहां के संसाधनों को लूट कर अपनी जेबें भरने का काम किया है और यहां के लोगों को प्यास से तड़पने को विवश कर दिया था। भाजपा सरकार ने यहां की पानी की समस्या दूर करने के लिए हर घर नल योजना शुरू की, जो कि अब अंतिम चरण में है। शीघ्र ही सभी बुंदेलखंडवासियों को नल से शुद्ध पानी मिल सकेगा। सीएम योगी ने बांदा-चित्रकूट की जनता से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताकर संसद भेजने का आह्वान किया। कहा कि विकास की बुलेट ट्रेन आगे बढ़ाने के लिए आरके सिंह पटेल सांसद आवश्यक हैं।

उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। बताया कि पीएम मोदी की अगुवाई में देश के 50 करोड़ लोगों के जनधन एकाउंट, 12 करोड़ अन्नदाता किसानों को सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 10 करोड़ उज्ज्वला योजना के गैस सिलेंडर और 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए गए हैं। बताया कि अगले पांच वर्षों में सभी को आवास योजना से आच्छादित करने का प्लान तैयार है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि देश और प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास के आधार पर बगैर जाति और मजहब में भेदभाव किए योजनाओं का लाभ दे रही है और समूचे देशवासियों को जीवन स्तर सुधारने का प्रयास कर रही है। कहा कि विकास की गाड़ी बुलेट ट्रेन की स्पीड़ से आगे बढ़ रही है। इस मौके पर सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चित्रकूट जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री ने विधायक से की गुफ्तगू

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रानी दुर्गावती , ऋषि बामदेव और नीलकंठ भगवान को याद कर अपने भाषण की शुरुआत की।उन्होंने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी से लोकसभा चुनाव की स्थितियों को लेकर गुफ्तगू भी की। दोनो नेताओ के बीच लोकसभा चुनाव में आ रहीं कमियों को दूर कर इस सीट को जीतने पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक ने उन्हें इस सीट के जीतने पर आश्वस्त किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि विधायक के पत्र लिखने पर मैं बीमारी का रुपया तुरंत भेजता हूं।

# 'रामद्रोहियों को कतई नहीं मिलनी चाहिए सत्ता'

कार्यालय संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

- लोकसभा चुनाव को बताया रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच संघर्ष

**अमृत विचार।** सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले रामद्रोहियों के हाथों तक सत्ता कतई नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने जनता जनार्दन का आह्वान करते हुए कहा कि जिस तरह से पूर्ववर्ती सरकारों ने लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ से तरसाया है, वैसे ही अब समूचे विपक्ष को एक-एक वोट के लिए तरसाना चाहिए। वह यहां हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

सूबे के मुखिया ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है और जनता विपक्ष को सबक सिखाने के लिए तैयार है। पूरे देश में 'फिर एक बार-मोदी सरकार' और 'जो राम को लाए हैं-हम उनको लाएंगे' का स्वर गूंज रहा है। कहा कि राममंदिर बनकर तैयार हुआ तो रामद्रोहियों और पाकिस्तान समर्थकों को घोर आपत्ति हो रही है। कोई कहता है राम मंदिर ठीक नहीं बना तो कोई भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा रहा है। ऐसे रामद्रोहियों को जनता सबक सिखाएगी। समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सपा ने युवाओं को तमंचे थमाकर उनका भविष्य चौपट करने का काम किया था, अब भाजपा की सरकार ने उन्हें टैबलेट देकर स्मार्ट बनाया है।


चुनावी जनसभा को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

### इंडी गठबंधन के घोषणापत्र पर उठाए सवाल

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र पर भी सवाल उठाए। कहा कि सपा-कांग्रेस के मैनिफेस्टो में अल्पसंख्यको की रुचि के अनुसार खानपान की स्वतंत्रता देने, दलितों व पिछड़ों का आरक्षण छीन मुसलमानों को देने और संपति का सर्वे कराने जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। बताया कि खानपान की स्वतंत्रता की बात कह कर गौहत्या को बढ़ावा देने का संकेत दिया जा रहा है। धर्म के नाम पर आरक्षण दिए जाने का कुंत्सित प्रयास किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि देश में गौहत्या बढ़ेगी तो राममंदिर दर्शन का सारा पुण्य समाप्त हो जाएगा। कहा कि विपक्ष की देश के प्रति नियत अच्छी नहीं है। इसलिए ऐसे लोगों के बहकावे में नहीं आना और देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनाना है।

### दो सैकड़ा से अधिक ने ओढ़ा भगवा दामन

कस्बे में आयोजित प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान नारायण सिंह की अगुवाई में दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने विभिन्न दल छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि फूल सिंह, दुष्यंत सिंह, आनंद सिंह, अंकित सिंह, योगेंद्र सिंह, अनूप सिंह जादौन, रामगोपाल सिंह,अजय सिंह, संतोष कुमार गौड़, भानू गौड़, उमेश गौड़, रमेश चंद्र गौड़, अनुराग गौड़, ओम जी गौड़, विनोद गौड़, सोनू पाठक, चंद्रकांत धुरिया, शिवकुमार धुरिया, सुधीर गुप्ता, आकाश अग्रवाल, आशु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, माधवशरण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रिंस गौड़, अंकुर गौड़, अभिषेक सोनी, लालाबाबू, नवीन निगम, अंशुल सोनी, दीपेश सोनी, राजेंद्र शुक्ला, सत्यप्रकाश दीक्षित, संजय सोनी, राकेश गौड़, रामबहादुर सिंह, संजय साहू, अतुल सोनी, शिलमणि शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, बोधन सिंह, राजू पाल, अनुराग तिवारी, पप्पू यादव, राजू सिंह, अनुभव सिंह, गोविंद मिश्रा, गुलाब सिंह, कल्लू निषाद, कुशल सिंह सहित कुल 214 लोगों ने भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह के समक्ष भाजपा की सदस्यता स्वीकार की और देश हित में पुन: मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# 10वीं में प्रत्यक्ष, रितिका और 12वीं में निखिल रहे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, बांदा


विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार


सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लंबे इंतजार के बाद सोमवार को जब सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गया, तो छात्र-छात्राओं की खुशी का ठिकाना न रहा। सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में संत तुलसी पब्लिक स्कूल के छात्र प्रत्यक्ष पटेल ने 97.8 और सेंट जार्ज स्कूल के छात्र उत्कर्ष और विद्यावती मेमोरियल स्कूल की छात्रा रितका शिवहरे ने बाजी मारी। उत्कर्ष और रितका ने 97.2 फीसदी अंकों के साथ जिले में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। जबकि 12वीं में अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली स्कूल के निखिल ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया।

सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड 12वीं और 10वीं परीक्षा के परीक्षा परिणाम का ऐलान किया गया। सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित जिले के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में मेधावी बच्चों ने एक दूसरे को बधाई दीं। जिले में सीबीएसई बोर्ड से तथागत ज्ञानस्थली अतर्रा, शांति धाम स्कूल अतर्रा समेत शहर में सेंट जेवियर्स, विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, संत तुलसी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरिज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेंट जार्ज स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय दुरेड़ी में छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। शहर के संत तुलसी पब्लिक स्कूल के प्रत्यक्ष पटेल ने 97.8, सेंट जार्ज के उत्कर्ष और विद्यावती मेमोरियल स्कूल की रितका शिवहरे ने जहां 10वीं की परीक्षा में 97.2 फीसदी के साथ जनपद में मेधा का झंडा फहराया। अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली स्कूल के निखल कुमार ने 96 फीसदी अंकों के साथ 12वीं में टॉप किया। 10वीं में अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली स्कूल के अजय प्रकाश सिंह ने 97 फीसदी अंकों के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं अस्तित्व कुशवाहा, आदित्य साहू, अमन सिंह, अनव्य अवस्थी ने 96, अनुष्का पांडेय, राधिका कुशवाहा, अभिषेक कुमार ने 95, अक्षत द्विवेदी, विक्रांत सिंह, अंशिका कुशवाहा ने 94 वेदांत गुप्ता ने 93, विनायक गुप्ता, शिवम यादव, अर्जुन गुप्ता, आदित्य नंदन मौर्य, अंजली सिंह ने 92, आदर्श कुमार, विभा कुशवाहा ने 91 और सुशांत गुप्ता ने 90 फीसदी अंकों के साथ मेधा का प्रदर्शन किया। ऐसे ही 12वीं परीक्षा में जहां निखिल ने 96 फीसदी के साथ टॉप किया, वहीं आस्था गौतम ने 95, निशा द्विवेदी, अभिजीत सिंह ने 94 और संस्कृति सिंह ने 92.8 अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीती जी. और वित्त नियंत्रक शिवशरण कुशवाहा ने मेधावी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उत्साहवर्धन किया। संत तुलसी पब्लिक स्कूल में 10वीं के छात्र प्रत्यक्ष पटेल ने 97.8 और 12वीं के किशन आर्या ने 93 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में टाप किया। जबकि यशी सिंह ने 96 और नैनसी व छवि ने 92.8 फीसदी अंक पाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान पाया। ऐसे ही 12वीं में प्रीती धुरिया और सूर्यांश ने भी अच्छे अंक अर्जित कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक संतकुमार गुप्ता, डा.मनीष गुप्ता ने खुशी जताई। विद्यावती मेमोरियल पब्लिक स्कूल की ऋतिका शिवहरे, मो.माज आरिफ, अक्षत गुप्ता, अंश गुप्ता, अरशान अहमद, अनुष्का गुप्ता, शांतनु सिंह, शुभ त्रिपाठी, सौरव सिंह गौर और अलंकृत सक्सेना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के संस्थापक अरुण निगम, निदेशक व प्रधानाचार्या ने मेधावी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया।


स्कूल में किया गया मेधावियों का सम्मान। अमृत विचार

### शत प्रतिशत रहा भागवत प्रसाद व सेंट जॉर्ज का परिणाम

शहर के भागवत प्रसाद मेमोरियल अकेडमी के छात्र-छात्राओं ने भी सीबीएसई परीक्षाफल अपना जलवा दिखाया। 12वीं की छात्रा महक सक्सेना ने 91 .4, अदिति पांडेय ने 84 .6, प्रज्ञा यादव ने 86 .2, अनन्या दयाल ने 81 .4, अंजली यादव ने 78 .6, सुयश त्रिपाठी ने 78 .2, आदित्य यादव ने 76 .8, अथर्व चतुर्वेदी ने 76 .6, स्वतंत्र सिंह परिहार ने 76 .2, अंश सिंह ने 75 .2 फीसदी अंक हासिल कर मेधा का प्रदर्शन किया। वहीं 10वीं की छात्रा आद्या कुशवाहा 96 .8, आस्था कुशवाहा 96, अनामिका कुशवाहा 95 .02, विवेक यादव 92, हिमेश कुशवाहा 87, राधिका द्विवेदी 86 .8, निलेश कुमार 83 .4, प्रियांशु 83 .4, राशि मिश्रा 82 फीसदी अंकों के मेधावियों की सूची में शामिल हुए। विद्यालय के चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा, चेयरमैन अंकित कुशवाहा, बोर्ड ऑफ मेंबर रामलखन कुशवाहा और प्रधानाचार्य शिवेंद्र श्रीवास्तव ने सभी बच्चों का मुंह मीठा कराया। सेंट जार्ज स्कूल एंड कालेज में भी 10वीं के परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र उत्कर्ष श्रीवास ने 97 .2, तनवीर फातमा ने 90 .6, नाव्या गुप्ता ने 88, प्रवीन कुमार ने 87 .8 अंक प्राप्त किये। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में निवेदिता गुप्ता, उत्कर्ष सिंह, सागर कुमार, किशन द्विवेदी, आस्था शिवहरे प्रतीक्षा सिंह आदि रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एल्बर्ट रस्किन, माइकल, अजीत कुमार, आबिद, अलफ्रेड, पूनम द्विवेदी, विमला, विभा आदि शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सेंट मैरी में बच्चों ने लहराया परचम

सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उजीशा श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे में अमृत सिंह और श्रेया गुप्ता 91.6 रहे। तीसरे स्थान पर सौभाग्य सिंह 91 % रहे। दिशा गुप्ता 90 .4,अर्पिता श्रीवास्तव 90 ,उत्कर्ष सिंह और अक्षत उपाध्याय ने 89 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में अरजू मिश्र 97 .6 ने प्रथम , अनुष्का वर्मा 97 .2 ने द्वितीय और प्रांजल सिंह ने 96 .8 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुरखाब 96 .4 , अनमय गुप्ता 95 .6 आदि ने विद्यालय का नाम रोशन किया । विद्यालय के फादर विसेंट सर ने शतप्रतिशत रिजल्ट पर बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सेंट जेवियर्स का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

सेन्ट जेवियर्स स्कूल में दसवी और बारहवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में विद्यालय के वैष्णवी सिंह, निशांत साहू एवं अर्पित कुमार ने 94 .20% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। प्रज्ञा बाजपेई ने 94%, प्रियंका सिंह एवं आयुषी वर्मा ने 92 .60%, अंश गुप्ता 92 . 20%, आशुतोष विश्वकर्मा 91 .60%, दिव्यांश यादव 90 .60%, हर्ष कुमार एवं अनन्त खरे ने 90%, अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं बारहवीं में छात्र रितुपर्ण पाण्डेय ने 94 .60%, योगेन्द्र सिंह 94 .40%, जान्हवी तिवारी 93%, शिखर त्रिपाठी 92 .60%, शिवांश पटेल 92 .20%, श्रुति नामदेव 89 .20%, मयंक गौतम 86 .80%, हिमांश मंगल 82 .80%, आरूषी नामदेव 81 .40%, अवनीश सिंह 80 .60% अंक किया। बच्चो ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरूजनो को दिया।

## ट्रैक्टर-ऑटो की टक्कर में एक की मौत

**बांदा।** सवारी भर कर आ रही ऑटो को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इसमें ऑटो सवार युवक की मौत हो गई तथा चालक समेत पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान ऑटो चालक अस्पताल से फरार हो गया।

तिंदवारी से सोमवार को दोपहर सवारियां भर कर आटो जिला मुख्यालय आ रही थी। ऑटो में करीब छह लोग सवार थे। तभी महोखर बाईपास के समीप ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो सवार 18 वर्षीय अज्ञात युवक व ऑटो चालक गंगा प्रसाद (26) पुत्र दुर्जा समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान अज्ञात युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही ऑटो चालक अस्पताल से फरार हो गया।

चुनावी कसरत | एफएसटी व एसएसटी टीम अधिकारियों को प्रेक्षकों ने दिए निर्देश

# वीडियोग्राफी के साथ सभी वाहनों की गहनता से करें चेकिंग

कार्यालय संवाददाता,बांदा



बैठक को संबोधित करतीं प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी संपन्न कराने के मद्देनजर प्रेक्षकों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएफटी व एसएसटी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन की जानकारी दी। कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करते हुए लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराना है। प्रेक्षकों ने कहा कि वीडियोग्राफी के साथ सभी छोटे-बड़े वाहनों की गहनता से चेकिंग करें।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में सोमवार को सामान्य प्रेक्षक वी.कलाईराशि, व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चकवर्ती तथा जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थित में लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी कराने के लिए एसएफटी व एसएसटी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने निर्देश दिए कि वीडियोग्राफी के साथ सभी वाहनों की गहनता से चेकिंग की जाए। सभी राजनैतिक दलों के वाहनों की भी चेकिंग की जाए। एसएसटी टीमें अपने कार्य में तेजी लाकर और बेहतर तरीके से मतदान से पूर्व कार्यों को पूरा करें। उन्होंने सम्मान समारोह आदि कार्यक्रमों पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएसटी एवं एसएसटी टीम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपना कार्य पूरी निष्पक्षता व सतर्कता के साथ करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के सापेक्ष एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा लगभग तीन करोड़ की धनराशि का सीजर कैश, गोल्ड व अन्य कार्यों के द्वारा किया गया है। बताया कि प्रत्येक विधानसभा में नौ-नौ एफएसटी व एसएसटी टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने मतदान के दो-तीन दिन पहले चेकिंग का विशेष मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी प्रचार वाहन बगैर अनुमति नहीं चलेगा। बैठक के दौरान प्रेक्षकों व डीईओ ने मतदान कार्मिकों को दी जाने वाली स्टेशनरी तथा विभिन्न प्रपत्रों, लिफाफों व लेखनसामग्री के पैकजिंग कार्य का मिलान भी अपने समक्ष कराया। बैठक में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को लुभाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम राजेश कुमार ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की सामग्री, धनराशि आदि का वितरण मतदाताओं को लुभाने के लिए नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक भंडारा आदि का आयोजन नहीं किया जायेगा। मैरिज हॉल, होटल, सामूहिक विवाह घरों में दावत, लंगर भेज के बहाने किसी प्रत्याशी अथवा दल द्वारा वोटरों को लुभाने का कार्य इन स्थानों का उपयोग कर निर्वाचन के दौरान नहीं होने पाये। उन्होंने बताया कि किसी रैली कार्यकम, जनसभा में यदि दो प्रत्याशी प्रतिभाग करते हैं तो उनका खर्चा आधा-आधा जोडा जायेगा।

- डीईओ ने अधिकारियों को बताईं जिम्मेदारियां

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# इंटर में साहू इंटरनेशनल स्कूल का छात्र अश्विन बना जिला टॉपर

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा : मेरिट में आए छात्र-छात्राओं ने सबको गौरवान्वित किया

**94.60%** आरबीपीएस की स्वेच्छा ओझा

**94.7%** संत जोसफ्स के अभिनव तिवारी

**92.80%** ज्ञान स्थलीय की रूबा खातून

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** इंटरमीडिएट की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने पर साहू इंटर नेशनल कबरई के छात्र अश्विन यादव ने परीक्षा में 96.6 फीसदी अंक पाकर जिला टॉप किया है। जबकि आरबीपीएस कुलपहाड़ की छात्रा स्वेच्छा ओझा ने 94.60 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि संत जोसफ्स स्कूल महोबा के छात्र अभिनव तिवारी ने 94.7 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल महोबा के छात्रा रूबा खातून ने 92.80 प्रतिशत कर जिले में चौथा स्थान हासिल किया। इन बच्चों ने जिले की मेरिट में अच्छा प्रदर्शन करके माता पिता का नाम रोशन करने के साथ साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया है। बच्चों की इस कामयाबी से माता-पिता फूले नहीं समा रहे हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य और स्टाफ में बच्चों की इस कामयाबी पर उन्हें बधाई दी।



पिता को मिठाई खिलाता जिला टॉपर अश्विन यादव।

सोमवार को इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होने की खुशी में बच्चे सुबह से ही कम्प्यूटर, लैपटाप और हाथ में मोबाइल लेकर परीक्षा परिणाम देखने के लिए साइट खोलकर बैठ गए। परिमाम आते ही तमाम बच्चों न एक साथ मिलकर कामयाबी पर जश्न मनाया। माता पिता ने भी अपने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें आर्शीवाद दिया। सारा दिन बच्चे अपने मित्रों से मोबाइल से काल करके उनकी कामयाबी की जानकारी लेते रहे। रिश्तेदार भी छात्र छात्राओं की कामयाबी पर उन्हें बधाई देते दिखाई दिए।

आरबीपीएस कुलपहाड़ की छात्रा छवि शर्मा ने 92.20 प्रतिशत, प्राची मिश्रा 91.60 प्रतिशत, अम्बूजा अग्रवाल 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बच्चे की इस कामयाबी पर उनके माता पिता फूले नहीं समा रहे है। आरबीपीएस के अच्छे अंकों से कामयाब हुए कुछ बच्चे आईएएस और कुछ डाक्टर बनने का सपना संजोए हुए हैं।

ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल महोबा छात्र राज पुरवार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी स्कूल के अभिषेक राजपूत ने 88.40 फीसदी व ज्ञान स्थलीय पब्लिक स्कूल के ही अभिषेक निरंजन ने 87.80 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया।

संत जोसफ्स स्कूल महोबा के विनय प्रताप कुशवाहा ने 92 प्रतिशत, हर्ष प्रजापति ने 90.40 प्रतिशत, प्रवेंद्र प्रताप ने 89.60 प्रतिशत, आदित्य शिवहरे ने 88.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### अश्विन यादव किसान का बेटा

- इंटरमीडिएट की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96 .6 प्रतिशत प्राप्त कर टापर बने अश्विन यादव किसान परिवार में परवरिश हुई है। इस टापर के पिता ने सिर्फ हाईस्कूल तक शिक्षा ग्रहण की, लेकिन बेटे की पढ़ाई में कोई कमी आड़े नहीं आने दी। उनके बेटे ने बोर्ड परीक्षा में जिला टाप करके माता पिता का नाम रोशन किया है। छात्र इस कामयाबी के लिए अपने माता अर्चना यादव और पिता रीतेश कुमार यादव के साथ साथ अपने गुरूजनों को श्रेय देते हैं। छात्र का कहना है कि उसने जिला टाप करने के लिए प्रतिदिन आठ से दस घंटे पढ़ाई की है। छात्र का आईआईटी करना मुख्य लक्ष्य है। उसने जेईई मेन में कामयाबी भी हासिल कर ली है। अब जेईई एडवांस की परीक्षा देनी हैं। वह एक अच्छे स्तर का इंजीनियर बनकर देश का नाम रोशन करना चाहता है। बेटे की इस कामयाबी से माता पिता की आंखे खुशी से छलक रही हैं। किसान परिवार के इस बेटे ने स्कूल का भी नाम रोशन किया है।



छात्र करन साहू, अंश राजपूत, काव्य नगरिया व अंशिका राजपूत।

---------- मेधावी ----------



छात्र अश्विन यादव, स्वेच्छा ओझा, अभिनव तिवारी, रुबा खातून, छवि शर्मा, प्राची मिश्रा, अंबूजा अग्रवाल, राज पुरवार, अभिषेक राजपूत, अभिषेक निरंजन, विनयप्रताप कुशवाहा व हर्ष प्रजापति।

### संजरी इंटरनेशन स्कूल के बच्चों ने भी मारी बाजी

- सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं का परीक्षा परिणाम देख छात्र छात्राओं के चेहरे खिल गए। संजरी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भी अच्छे अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बच्चों ने स्कूल में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संजरी इंटरनेशनल सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम के छात्र करन साहू ने 88 .4 प्रतिशत, अंश राजपूत ने 85 प्रतिशत, काव्य नगरिया ने 88 .4 प्रतिशत और अंशिका राजपूत ने 77 फीसदी अंक पाकर माता पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल के चेयरमैन मोहम्मद शमीम व प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव ने भी बच्चों को आर्शीवाद दिया।

### संत जोसेफ्स स्कूल के वैभव व राम हाईस्कूल में अव्वल

- **महोबा।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम सोमवार की शाम को घोषित हुआ। संत जोसेफ्स स्कूल के छात्र वैभव मिश्रा व राम सक्सेना ने 97 .40 प्रतिशत पाकर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। आरबीपीएस कुलपहाड़ छात्र अंश पाठक ने 96 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल की छात्रा अन्या रिछारिया ने 96 .20 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में तृतीय स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा परिणाम में अधिकांश परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण होने से छात्र छात्राओं में जश्न जैसा माहौल है। ज्ञानस्थलीय पब्लिक स्कूल के छात्र नमन मिश्रा ने 95 .20 प्रतिशत, देव गोस्वामी ने 94 .60 प्रतिशत, अर्नव सोनी ने 94 प्रतिशत, साक्षी प्रताप ने 93 .20 प्रतिशत, सिद्धार्थ पाठक ने 93 प्रतिशत, मोहम्मद यावर खान ने 92 .40 प्रतिशत, आर्या त्रिपाठी ने 92 .20 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी प्रकार आरबीपीएस कुलपहाड़ के वियोम अग्रवाल ने 95 .20 प्रतिशत, तन्मय ने 94 .60 प्रतिशत, हर्ष विश्वकर्मा ने 92 .20 प्रतिशत, श्रेया अग्रवाल ने 92 .20 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। इसी तरह साहू इंटरनेशनल कबरई की जय वर्मा ने 96 .6 प्रतिशत, माधवी सिंह 96 प्रतिशत, आशुतोष साहू 92 प्रतिशत, वैष्णवी गुप्ता 91 .2 प्रतिशत, अब्दुल रब 90 .6 प्रतिशत, हिमांशु यादव 90 प्रतिशत अंक हासिल किए।



वैभव मिश्रा।



राम सक्सेना, अंश पाठक, अन्या रिछारिया, नमन मिश्रा, व्योम अग्रवाल।

### स्वेच्छा का आईएएस बनने का सपना

**महोबा।** जिले के छोटे से गांव में पली बढ़ी छात्रा स्वेच्छा ने 94 .60 फीसदी अंक पाकर अपने माता पिता का दिल जीत लिया है। अब छात्रा आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहती है। बचपन से ही छात्रा ने आईएएस का सपना संजोया था। यही वजह है कि उसने कक्षा नौ से ही हिस्ट्री विषय को अपनी पढ़ाई में इंटरमीडिएट तक शामिल रखा। छात्रा ने हाईस्कूल की परीक्षा में भी 93 .80 प्रतिशत अंकों के साथ आरबीपीएस कुलपहाड़ की टापर रही थी। स्वेक्षा का कहना है कि इंटरमीडिएट में वह प्रतिदिन छह से आठ घंटे पढ़ती थी। वह कहती है कि अभी तक उन्होंने कोचिंग का सहारा नहीं लिया, लेकिन अब आईएएस बनने के लिए पढ़ाई करने के साथ कोचिंग भी पढ़ेगी। वह अपने बचपन के सपने के साथ साथ माता पिता के बेटी के आईएएस बनने सपने को भी पूरा करना चाहती है।

# कार्डधारकों को मिलता रहेगा निःशुल्क खाद्यान्न

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 14 से 29 मई तक वितरित किया जाएगा राशन

**अमृत विचार।** खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के आयुक्त द्वारा जारी किए गए आदेश में 14 मई से 29 मई तक एनएफएसए योजना के अंतर्गत गरीब लाभार्थियों को आर्थिक बोझ कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएफएसए में अच्छांदित अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे अब कार्डधारकों को मुफ्त में राशन सामग्री मिलती रहेगी।

आयुक्त के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी महोबा ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को आदेश जारी कर आयुक्त के आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि 14 मई से 29 मई तक प्रत्येक दशा में समस्त कोटेदारों को निर्धारित समय के अंदर खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिससे समय से राशनकार्ड धारकों को राशन उपलब्ध हो सके।

# रेल यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए स्टेशन पर गर्म पानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में लोग घरों पर फ्रिज और मिट्टी के नए घड़ों के पानी से प्यास बुझा रहे हैं, वहीं रेलवे स्टेशन में आरओ का पानी मयस्सर करने का रेलवे प्रशासन का दावा हवाहवाई साबित हो रहा है। हकीकत यह है कि जिले के रेलवे स्टेशनों में आरओ का पानी मिलना तो दूर छत पर रखी टंकियों का गर्म पानी यात्री पीकर गला तर करने को मजबू हो रहे हैं, जिससे लोगों को रेलवे स्टेशन में मिलने वाली पानी की सुविधा रास नहीं आ रही है।

मालूम हो कि जिले की रेलवे स्टेशनों में छत के ऊपर टीनशेड लगाकर पानी की टंकियां रख दी गई हैं, जिनका पानी दिन में तेज धूप के चलते गर्म हो जाता है।



रेलवे स्टेशन में गर्म पानी पीता मजदूर। अमृत विचार

गर्मी में यात्री ट्रेनों से सफर करके जैसे ही रेलवे स्टेशन में पहुंचते हैं और ट्रेन रुकते ही यात्री पानी के लिए टूट पड़ते हैं। रेलवे स्टेशनों पर लगी टोटियों से कोई पानी पीता है तो कोई भरकर ले जाता है। ऐसी स्थिति में रेलवे प्रशासन द्वारा ठंडे पानी का कोई इंतजाम नहीं किया गया है, जिससे लोगों को मजबूरीवश टंकियों से टोटियों के जरिए निकलने वाला पानी पीकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

पांच साल पहले रेलवे स्टेशन महोबा में आरओ लगाया गया था, जिससे लोगों को गर्म पानी पीने से निजात मिल सके, इतना ही नहीं पांच रुपये में आरओ का पानी बोतलों में भरकर दिया जाता था, जिससे लोगों को काफी राहत मिलती थी। आरओ की व्यवस्था कुछ दिन तक चली, इसके बाद आरओ खराब हो गया, तबसे आज तक रेलवे ने आरओ को सही कराने की पहल नहीं की है। आज कल सूरज की आग उगल रही किरणों के चलते टंकियों का पानी गर्म हो जाता है, जैसे ही रेलवे स्टेशन के नल खोलकर लोग पानी भरते है तो गर्म पानी निकलता है।

### मध्यम वर्ग के लोग ठंडी बोतल खरीदकर पीते हैं पानी

- रेलवे स्टेशन में जहां गर्म पानी पीने को गरीब वर्ग के लोग मजबूर हैं, वहीं सम्पन्न परिवार के लोग कैंटीन और दुकानों से बीस रुपये की पानी बोतल खरीदकर प्यास बुझाते हैं, जिससे रेलवे स्टेशन में दुकानदारों की खासी बल्ले बल्ले है। इतना ही नहीं रेलवे स्टेशन के अंदर रेल नीर लिखी पानी की बोतलें तो बिकती हैं, जबकि उनमें शुद्ध और ठंडा आरओ का पानी नहीं रहता है।

### सांसद-विधायक निधि से नहीं लगे स्टेशन में वाटरकूलर

- भीषण गर्मी में शहर में जगह जगह पौशाला और सड़कों के किनारे वाटरकूलर लगाकर रहगीरों को ठंडा पानी पिला रहे है, जबकि रेलवे स्टेशन के आसपास अंदर और बाहर कहीं पर भी न तो रेलवे प्रशासन ने वाटरकूलर लगाने की व्यवस्था की है और न ही कभी सांसद विधायकों से संपर्क कर उनकी निधि से कूलिंग वाटर कूलर लगवाने की पहल की है, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। इतना ही नहीं रेलवे स्टेशन के बाहर समाज सेवियों द्वारा भी पौशाला नहीं खुलवाया गया, जिससे ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को ठंडा पानी मिल सके। हालत यह है कि गर्मी के इस मौसम में रेयात्रियों को शीतल पेयजल नहीं मिल पा रहा है।



स्टेशन का खराब आरओ। अमृत विचार

# प्लास्टिक के पाइपों में आग लगने से लाखों रुपये का हुआ नुकसान

कार्यालय संवाददाता महोबा

- आग फैल जाने से एक घंटे तक नौगांव-अजनर मार्ग रहा बाधित

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के मझगवां डैम पर नमामि गंगे योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकी से पाइप लाइन बिछने के लिए मंगाए गए प्लास्टिक के पाइप माइनर के पास रख दिए गए थे। ग्रामीणों द्वारा जलाई गई पराली की आग धीरे-धीरे प्लास्टिक की पाइपों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से तीन ट्रक प्लास्टिक के पाइप जल गए। आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के जवानों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक पाइप जलकर राख हो गए। जिनकी लाखों रुपए कीमत बताई जा रही है।

गौरतलब है कि हर घर जल पहुंचाने कि गरज से जिले में चलाई जा रही नमामि गंगे योजना के तहत डैम के पास पानी की टंकी बनाने के बाद पाइपलाइन बिछाने के लिए लगभग पांच ट्रक प्लास्टिक के पाइप मंगाए गए थे। पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा था। पाइपों को अजनर माइनर के पास रखवा दिया था। सोमवार को अचानक किसानों द्वारा जलाई गई पराली की आग से पाइप जलने लगे, धीरे-धीरे आग में उग्र रूप धारण कर लिया इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया कई गांव की लोग आग बुझाने के लिए मौके पर जमा हो गए लेकिन आग की लपटों को के सामने अधिक देर तक नहीं टिक सके इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया लेकिन तब तक तीन ट्रक प्लास्टिक की जलकर बर्बाद हो चुके थे। आग की लपटें सड़कों तक फैल जाने से एक घंटे तक नौगांव अजनर मार्ग बाधित रहा।

# चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने थामा सपा का दामन

**उरई (जालौन)।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के समर्थन में भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार ने अपने दर्जनों साथियों के साथ सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के पक्ष में कोंच रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में मतदाताओं से सम्पर्क कर वोट देने की अपील की। मनोज अहिरवार ने लोगों को बताया कि इंडिया गठबंधन की केन्द्र में सरकार बनते ही गरीब महिला के खाते में एक लाख रुपये आएगा।

# बिजली उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने का कार्य शुरू

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे में अब 33/11 विद्युत उपकेंद्र की बढ़ाने का काम तेज गति से शुरू हो गया है। साथ ही पांच एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने से अब कस्बावासियों को बिजली समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही लो बोल्टेज की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। कस्बा में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। यदि सबकुछ ठीक ठाक रहा तो इसी सप्ताह के अंत में नए ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति चालू कर दी जाएगी, इससे कस्बावासियों में खासी खुशी है।

कस्बे में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर की सुविधा प्रदान कर उपभोक्ताओं से होने वाली मुश्किलों पर अंकुश पाने की पहल शुरू हो गई है। उपभोक्ता हल्लू कुशवाहा, हसमत, संतोष अनुरागी, महेन्द्र तिवारी, कोमल अनुरागी, भुनेन्द्र कुशवाहा, रवि खटीक,सनी अहमद,धर्मपाल कुशवाहा, देशराज कुशवाहा,देवेन्द्र श्रीबास, अखिलेश खटीक आदि ने बताया कि बिजली विभाग की यह पहल निश्चित रूप से इस फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए खासी लाभप्रद होगी। अब कस्बे वासियों को लो बोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी।



बिजली उपकेंद्र में कार्य करते कर्मी। अमृत विचार

जेई हरगोविंद ने बताया कि नए ट्रांसफॉर्मर के साथ ही जरूरी उपकरण लगाए जा रहे हैं, इससे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली देने में आसानी होगी। इसका काम तेजी से काम चल रहा है। इसी सप्ताह में नए ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति शुरू हो जाएगी, जिससे भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को बिजली समस्या से छुटकारा मिलेगी। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में बिजली की अधिक खपत बढ़ने से बिजली की समस्या पैदा हो जाती है, अधिक लोड पड़ने के कारण कभी ट्रांसफॉर्मर फुक जाते तो कभी तार टूट जाते थे, अब इन समस्याओं से लोगों को निजात मिलेगी। जेई आरएस तिवारी, रवि कुमार रायकवार, विनोद, हरिश्चंद्र उर्फ नानी सहित अन्य संविदाकर्मियों द्वारा कार्य किया जा रहा है।

आक्रोश | पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

# आधे गांव में पाइप लाइनों से घरों तक पानी नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गर्मी प्रारंभ होते ही पेयजल की किल्लत लोगों के सामने आने लगी है। जैसे-जैसे गर्मी अपने शबाब पर पहुंच रही है। वैसे-वैसे पानी की समस्या गहराती जा रही है। पानी की समस्या जिले के ज्यादातर गांवों में देखने को मिल रही है, जिससे लोग पानी के लिए काफी मशक्कत कर रहे हैं। इतना ही नहीं पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इसी क्रम में विकासखंड कबरई के ग्राम रतौली की एक दर्जन से ज्यादा महिलाओं ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आधे गांव की जलापूर्ति ठप होने का शिकायती पत्र देकर जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण कराए जाने की गुहार लगाई है।



कलेक्ट्रेट सभागार में शिकायती पत्र दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

ग्राम रतौली के महिलाओं द्वारा डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा चुका है और ग्राम के आधे हिस्से में पानी की सप्लाई भी चालू कर दी गई, लेकिन हमारे घर में बिछाई गई पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे मजबूरन कई किमी0 दूर लगे हैंडपंपों और कुओं से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया कि हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल लाकर कनेक्शन तो कर दिया, लेकिन पानी न आने के बाद भी लगाई गई नलों की ज्यादातर टोटियां भी खराब हो चुकी है और उन्हें सही कराने के लिए प्रधान से भी कहा गया, लेकिन आज तक प्रधान ने न ही पानी की व्यवस्था कराई और न ही पाइल लाइन में लगी खराब टोटियों को बदलवाया है।

महिलाओं ने बताया कि हर साल गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए मशक्कत करना पड़ती है, इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। तापमान बढ़ते ही इन दिनों जलस्त्रोत सूखने लगे है, ऐसे में पाइप लाइन द्वारा जिन घरों में पानी पहुंच रहा है, वहां भी कम पहुंचने लगा है। गर्मी बढने के साथ ही भू-जलस्तर भी गिरने से कुएं व हैण्डपंप पानी कम दे रहे हैं। हैंडपंप को काफी देर चलाने के बाद पानी निकल रहा हैं, जिसके चलते गांवों में पानी की कमी की समस्या ज्यादा बनी है।

ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। आधे गांव की पाइप लाइन से घरों तक पानी न पहुंचने पर ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है। महिलाओं ने जल्द से जल्द पाइन लाइन द्वारा घरों तक पूरे गांव में पानी की सप्लाई सुचारु रुप से शुरु कराए जाने की मांग की है।

# सीएम योगी कल जनसभा को करेंगे संबोधित

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 मई को शहर के डाक बंगला मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय हो जाने पर अधिकरियों की नींद उड़ गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां जोर-जोर से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय हो जाने से भाजपा प्रत्याशी खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक सीएम का प्रोटोकॉल जारी नहीं हुआ है लेकिन तैयारी शुरू हो गई है। अधिकारियों ने डाक बंगला मैदान का निरीक्षण कर जायज लिया भाई भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हेलीपैड बनवाने और सभा स्थल को देखने के लिए आते जाते रहे मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा करने के लिए आ रहे हैं। भाजपा की मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता ने दिए उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल आने के बाद उसे भी भेज दिया जाएगा।

# छह माह में उखड़ने लगी सीसी सड़क

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

- सड़क उखड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

**अमृत विचार।** राज्य सड़क निधि द्वारा कस्बा कुलपहाड़ नौगांव मुख्य सीसी मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। इसी सड़क पर कार्य पूरा होने से पहले ही कस्बा जैतपुर की 2.200 किमी0 सीसी सड़क बनते ही छह महीने में ही जर्जर होकर उखड़ने लगी हैं। इस मार्ग निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी करने से ठेकेदार द्वारा पांच साल का अनुबंध कैसे पूरा हो सकेगा, यह प्रश्न ग्रामीणों के जहन में घर कर गया है और एक बार फिर बदहाल सड़क से ही आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कस्बे की अधिकांश सीसी सड़कें नियत समय से पहले ही खस्ता हालत मे पहुंच जाने से कस्बा वासियां में आक्रोश व्याप्त है।

कस्बा जैतपुर से घुसयानापुरा और ड्योढीपुरा तक 2.200 किमी सीसी निर्माण राज्य सड़क निधि से ठेकेदार द्वारा कराया गया था। लोक निर्माण विभाग की देखरेख में संचालित सीसी निर्माण गुणवत्ताविहीन होने से जगह जगह सड़क चटक गई है साथ ही सड़क पर डाला गया सीमेंट और बालू गायब हो गई और गिट्टी नजर आने लगी है। इतना ही नहीं वाहन निकलने पर यह गिट्टी भी उखड़ लोगों को चुटहिल भी कर रही है। ग्राम जैतपुर के खंदियापुरा निवासी पंचमलाल, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, बसंतलाल कुशवाहा, धीरेंद्र प्रताप का कहना है कि सीसी निर्माण के समय मानक को ताक पर रखकर ठेकेदार ने घटिया सीमेंट का प्रयोग किया था, जिससे छह माह में ही रोड़ की हालत खस्ताहाल हो गई है।



सीमेंट गायब होने से दिखती गिट्टी।

ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग जेई कभी कभार ही सीसी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए आते थे, जिससे ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य को अंजाम देता रहा। इतना ही नहीं जब जेई निरीक्षण करने आता तो उस समय ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान रखा गया, लेकिन उनके जाते ही मानक का ताक पर रखकर गुणवत्ताहीन कार्य शुरू कर दिया जाता था, जिससे 381.50 लाख रुपये से बनाई गई सीसी सड़क छह माह में ही चटकने और उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से आएदिन प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का निकलना होता है, लेकिन रोड की हालत कोई नहीं देखता।

# क्राइस्ट कान्वेंट, सेठ छोटेलाल एकेडमी रहा अव्वल

## सीबीएसई परीक्षा में होनहारों ने प्रतिभा दिखा नाम रोशन किया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



होनहार छात्र आदर्श तिवारी का मुंह मीठा कराती प्रिंसिपल आशिया बुशरा।

**अमृत विचार**। सोमवार को घोषित हुए सीबीएसई के 10वीं परीक्षा परिणाम में कस्बे के क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल और सेठ छोटेलाल एकेडमी स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी।

उरई रोड स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के होनहार छात्रा खुशबू राजपूत पुत्री महेंद्र राजपूत, देवांश लोधी पुत्र नरसिंह ने सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा में 95.2 फीसदी अंक पाकर स्कूल और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। इसी तरह से इसी स्कूल के सत्यम राजपूत ने 95, सांझ राजपूत 93.8, अमन राजपूत 93.4, दिव्या 93, टिंवकिल राजपूत 92, रूपाली 91.6, देवांश शर्मा 91.2, मनीष कुमार 91, शिखर 91, अंशुमन तिवारी पुत्र अभिराम तिवारी ने 90.2, आर्यंस 90.4 ने फीसदी अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के संस्थापक प्रबंधक एस धनबालन, प्रिंसिपल रामेश्वर दयाल, ई-रूबिन धर्मराज समेत टीचरों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसी तरह से सेठ छोटेलाल स्कूल के होनहार छात्र आदर्श तिवारी ने 95.2 फीसदी अंक पाकर जिले में नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर कुशाग्र रावत और श्रीकुमार शर्मा ने 94.6 फीसदी अंक पाकर नाम रोशन किया। इसी तरह से इसी स्कूल के होनहार आरूष राजपूत और ख्याति सोनी ने 93.8 फीसदी अंक पाए। रिशु यादव ने 93.8, कृष्णा लाक्षाकार आध्या गुप्ता और ऐश्वर्य तिवारी ने 91.4, अर्पित स्वर्णकार और इशिका गुप्ता 90.8, स्नेहा 90.6 और अनुष्का शर्मा और जहानवी ने 90 फीसदी अंक पाकर अपने स्कूल का नाम रोशन करते हुए माता पिता का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रिंसिपल आशिया बुशरा, अध्यक्ष केजी अग्रवाल, प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष हरीप्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें बधाई दी।

जनपद के होनहार बच्चे



खुशबू राजपूत 95.2% | देवांश लोधी 95.2% | सत्यम राजपूत 95%
अंशुमान तिवारी 90.2% | दिव्या 93% | ट्विंकल राजपूत 92% | कुशाग्र रावत 94.6%
श्रीकुमार शर्मा 94.6% | आरूष राजपूत 93.8% | ख्याति सोनी 93.8% | रिशु यादव 93.8%

# मदर्स डे पर कार्यक्रमों से मोह लिया मन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। सरस्वती पब्लिक स्कूल में रविवार आयोजित मदर्स डे कार्यक्रम में माता और उनके नन्हे मुन्ने बेटा बेटियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रकार के खेलकूद और नृत्य प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले बच्चों और उनकी माताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

▶▶ माताओं ने अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

कस्बा स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल में यहां के प्रबंधक पूर्व ब्लाक प्रमुख शिव कुमार पांडेय व उनकी पत्नी वीना पांडे ने खेलकूद तथा नृत्य में अच्छा प्रदर्शन करने वाली माताओं व उनके नन्हे मुन्ने बच्चों को पुरस्कार दिया।

इस अवसर पर इस संस्था के बड़े हाल में खासी संख्या में मां व उनके बच्चे तथा स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एस राठौड़ सहित पूरे स्टाफ व प्रबंध तंत्र ने नेताओं को बधाइयां दी और बच्चों ने अपने मां के साथ उनके गहरे संबंधों को खेलों के माध्यम से प्रदर्शित कर जमकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।



मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार



मदर्स डे कार्यक्रम में शामिल मां व बच्चे। अमृत विचार



क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल की छात्रा रूबी वर्मा व विवेक सिंह का मुंह मीठा कराते अभिभावक।

### 12वीं में भी सेठ छोटे लाल, क्राइस्ट कान्वेंट के बच्चों का परचम

**राठ**। सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में कस्बे के सेठ छोटेलाल एकेडमी के होनहार छात्र कॉमर्स वर्ग में साहिल खान ने 95.4 और क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के होनहार प्रशांत राजपूत ने साइंस वर्ग में 94.4 फीसदी अंक पाकर जिले में नाम रोशन किया। कस्बे के औडेंरा रोड़ स्थित सेठ छोटे लाल एकेडमी के होनहार जयदीप विश्वकर्मा ने विज्ञान वर्ग में 94.6, कुमकुम राजपूत कला वर्ग 92 फीसदी, सैफ अली कामर्स वर्ग में 91.2 ने फीसदी अंक पाकर नाम रोशन किया। हर्ष कुमार गुप्ता 91, क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के होनहार विवेक सिंह परिहार ने 91.8, रिमी वर्मा ने 91.8 अंक पाकर माता पिता का नाम रोशन किया।



प्रशांत राजपूत 94.4% | विवेक सिंह परिहार 91.8% | रिमी वर्मा 91.4%

# रिजल्ट आते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। सीबीएसई 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित होने की सूचना मिलते ही छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचने लगे। विद्यालयों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन ने मुंह मीठा कराया।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। पहले कक्षा 12 और उसके तकरीबन दो घंटे बाद कक्षा 10 के नतीजे सीबीएसई की वेबसाइट पर जारी किए गए। नतीजे देखकर मेधावियों के चेहरे खिल गए। शहर के सरदार पटेल कॉलेज में सीबीएसई का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

12वीं में संभवी मिश्रा ने 96.2 प्रतिशत, अनन्या सिंह ने 93.2 प्रतिशत, आशीष यादव 91, दिव्यांसी ने 90.2, रौनक साहू ने 93.4, रिन्नी सिंह ने 91.2, निखिल सिंह ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए।

वहीं 10वीं में सृष्टी सिंह ने 93, शुभरिका विश्वकर्मा ने 90.8, इलमा ने 92.6, देवांश वर्मा ने 92.6, धनराज सिंह 91.4, आशीष सिंह ने 90.8, आयशा नजमी ने 90.4 अंक हासिल कर कॉलेज व परिवार का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधक डॉ.गोविंद सचान सहित शिक्षकों ने समस्त छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।



संभवी मिश्रा 96.2% | रौनक साहू 93.4% | अनन्या सिंह 93.2% | रिन्नी सिंह 91.2%
आशीष यादव 91% | निखिल सिंह 91.4% | सृष्टी सिंह 93% | इलमा 92.6%

● हाईस्कूल में सृष्टी व इंटर में संभवी ने विद्यालय टॉप किया

# खुदी सड़क बनवाने को लेकर किया प्रदर्शन

**सुमेरपुर**। ग्राम पंचायत बंडा में नमामि गंगे योजना के ठेकेदार की मनमानी से त्रस्त ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रधान को सौंपा व सड़क बनवाने की मांग की।

नमामि गंगे योजना की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने ग्राम पंचायत की मुख्य सड़क को ध्वस्त कर दिया है। इससे घरों में निकलने वाला गंदा पानी रास्ते में भर रहा है और आवागमन में मुसीबत हो रही है। ग्रामीणों ने खराब सड़क को लेकर सोमवार को प्रदर्शन करते हुए प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर मुख्य मार्ग बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि मार्ग दुरुस्त नहीं किया गया तो वह सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन देने वालों में रहीम खान, अल्ली खान, नवाब खान, हरिप्रसाद प्रजापति, मूल्लू यादव, अरुण कुमार गुप्ता, नवाब सिंह, प्रभु दयाल धुरिया, संतराम सविता रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार**। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा खेड़ा गांव के पास मिट्टी खनन करने के लिए जा रहे तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने पुत्र के साथ घर जा रही बाइक सवार महिला की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार महिला की सड़क पर गिरकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा बाइक चला रहा उसका पुत्र मामूली रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव की निवासी ज्ञानदेवी (45) पत्नी अशोक कुमार जो कि अपने पुत्र नीलेश के साथ राठ कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव में लगने वाले बैठक (दरबार) में शामिल होने के लिए गई हुई थी। तथा बैठक (दरबार) में शामिल होने के बाद वह पुत्र नीलेश के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव मवई जा रही थी तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा खेड़ा गांव के पास मिट्टी खनन के लिए जा रहे तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में बाइक पर सवार महिला ज्ञानदेवी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा बाइक चला रहा उसका पुत्र नीलेश मामूली रूप से घायल हो गया। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका ज्ञानदेवी अपने पति के साथ खेती किसानी और घरेलू कार्यों में सहयोग करती थी। तथा बीते एक माह पूर्व ही उसने अपनी पुत्री वंदना का विवाह किया था।

# साल 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में पहली बार ईवीएम आई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में जब पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया था। तब हर आयु वर्ग के मतदाताओं में मशीन से मतदान करने को लेकर गजब का उत्साह दिखा था। बटन दबाते ही निकली बीप को आवाज को मतदाता सुनते तो मतदान कर्मियों को अचरज भरी मुस्कान से देखते हुए मतदान कक्ष से बाहर आते नजर आते थे।

यह बात तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी भुवनेश कुमार व पुलिस अधीक्षक आरके त्रिपाठी की ओर से प्रेक्षकों के सम्मान में आयोजित कैंडल लाइट डिनर में खासा चर्चा में रही थी। तब मतदान के बाद उसी रात्रि को भोज का आयोजन हुआ था और अगले दिन हमीरपुर, मौदहा व राठ के परिणाम दोपहर बाद ही घोषित किए जा चुके थे। सम्मान भोज में सामान्य प्रेक्षक अशोक रंजन मोहंती आईएएस (चेन्नई तमिलनाडु) प्रेक्षक आय व्यय द्वितीय रणधीर कुमार सारख, सीओ सदर शिव शंकर सिंह, लाइजनिंग अफसर विजय सिंह, शिवकुमार केसरी सहित तमाम आला अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों के साथ जलीस खान सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए थे।



वर्ष 2002 में चुनाव के बाद एक साथ खड़े अधिकारी। अमृत विचार

● तब बीप की आवाज सुन मतदाता अचरज भरी निगाहों से मतदान कार्मिकों को देखते थे

# चौकी प्रभारी पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने का आरोप, अनशन पर बैठे

**हमीरपुर**। जहां एक ओर जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर कड़ी मशक्कत में लगा है। वहीं पुलिस की कार्यशैली से आहत हो एक दंपति सोमवार से आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

सोमवार को मुख्यालय के कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में अनशन पर बैठी सुमेरपुर थाना क्षेत्र के चंदपुरवा गांव निवासी कुरैशा ने बताया कि बीते चार दिसंबर को खेतो से घर लौट रही थी। तभी चन्द्रपुरवा रोड पर पुलिया के पास पहले से खड़े रोहित पुत्र राम किशोर, सफीक, तौफीक पुत्रगण अनीष अली ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए उसके साथ अभद्रता कर दी जिसकी शिकायत उसने चौकी सहित कई बार थाना दिवस में की थी। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते तीन रोज पूर्व फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी राहुल मिश्रा ने कागज लेकर जाने के बहाने बुला कर उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे व उसके लड़के को फर्जी मुकदमे में जेल भेजनें की धमकी से आहत हो पति संग आमरण अनसन शुरू किया है। उन्होंने उक्त युवकों सहित चौकी प्रभारी पर कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।



कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे में अनशन करते दंपति। अमृत विचार

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास में पूर्व प्रधान के भाइयों को तीन साल कैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। गैर इरादतन हत्या के प्रयास व एससी-एसटी एक्ट के साढ़े 14 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व प्रधान के दो भाइयों को दोषी करार करते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10 हजार का अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के पत्योरा गांव निवासी पीड़ित बहन रामजानकी ने दी तहरीर में बताया था कि 19 अक्तूबर 2009 को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका भाई कामता प्रसाद निषाद गांव के रामऔतार संखवार के घर मिलने गया था। जहां से दोनों लोग घर का कुछ सामान खरीदने के लिए गांव के चौराहा पर पहुंचे। जहां पूर्व प्रधान विजय कुमार यादव व उसके भाई छोटे यादव, बउवा उर्फ नरेश यादव, गीतू उर्फ उमाशंकर यादव उसके भाई को गाली गलौज कर कहा कि साले बहुत आय व्यय की ब्योरा मांगते हो और दोनों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिन्हें गांव निवासी रामकुमार, खुशीराम व वीरेंद्र ने देखा और बीच बचाव किया। जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर दो लोगों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश किया था। जबकि दो आरोपी पूर्व प्रधान विजय कुमार यादव व उमाशंकर यादव को विवेचक ने जांच में क्लीन चिट दी। अदालत ने दोनों भाइयों छोटे याादव व नरेश यादव को सजा सुनाई है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है।

### राजनीतिक वर्चस्व के लिए दिया था घटना को अंजाम

पूर्व प्रधान विजय कुमार यादव वर्ष 2000 से 2005 तक व 2005 से 2010 तक उसकी पत्नी प्रधान रहीं। जबकि पीड़ित कामता प्रसाद व पूर्व बीडीसी रामऔतार विकास कार्यों को लेकर पूर्व प्रधान के खिलाफ शासन प्रशासन में लगातार शिकायतें कर आय व्यय का ब्योरा मांग रहे थे। जिससे खपा अपना राजनैतिक वर्चस्व कायम रखने के लिए साढ़े 14 साल पूर्व पूर्व प्रधान व भाइयों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर घटना को अंजाम दिया था।

# नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष से टप्पेबाजी

**मौदहा**। कस्बे के हुसैनगंज नरहिया में सोमवार को दिनदहाड़े नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष बिंदा प्रसाद वर्मा के 14000 रुपये टप्पेबाज युवक निकाल कर बाइक से भाग निकला। घटना की सूचना कोतवाली में दी है।

बिंदा प्रसाद ने आप बीती बताते हुए कहा कि वह इंडियन बैंक से सोमवार दोपहर बाद 14000 रुपया निकाल कर लाया था और अपने घर साजन तालाब जा रहा था। तभी नरहिया नाला मार्ग पर बुंदेलखंड कोचिंग सेंटर के पास जैसे ही अपने घर की तरफ मुड़ना चाहा तभी बाइक सवार युवक पैंट शर्ट पहने था उनके पास खड़ा हो गया और उसने कहा कि भगवानदीन वर्मा के बेटे की तबीयत बहुत खराब है। अस्पताल में भर्ती है। तत्काल कुछ फुटकर पैसों की जरूरत है जिस पर उसने जेब में हाथ डालकर पैसे निकालने चाहे। उसी समय आरोपी ने उनकी दूसरी जेब से पूरे पैसे निकाल लिए और बाइक में बैठ निकल गया। जब तक शोर शराबा किया वह गलियों से घुसते हुए भाग निकला।

**लोकसभा चुनाव-2024** मतदाता रैली भी निकाली गई, गांव-गांव पहुंच कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई

# हाथों में मेहंदी रचा कर मतदान के लिए किया जागरूक



मतदान के लिए प्रेरित करने निकलीं महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार**। विकासखंड क्षेत्र के चंदूपुर, ककरऊ गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर लगातार प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को आजीविका मिशन के प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में चंदूपुर, ककरऊ गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। साथ ही हाथों में मेहंदी लगाकर मतदान करने की अपील की गई। साथ ही पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करे।

गांव के विद्यालय में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक शिवा ओमर, शिवाकांत दीक्षित, निशा, अध्यापक, आंगनबाड़ी आशा आदि मौजूद रहे।

## मतदाताओं को आकर्षित करेगा सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम तरीके से प्रयास जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। इन प्वाइंटों पर खासकर युवा युवतियां सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में फोटो वायरल लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं।

राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मतदान के प्रति खेलकूद के साथ मॉर्निंग वॉक पर जाने वालों को प्रेरित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। यहां सुबह शाम लोगों की सेल्फी लेने को लेकर भीड़ रहती है। इसी प्रकार पेट्रोल पंपों पर भी सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां से लोग सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में फोटो वायरल कर प्रेरित करने में जुटे हैं।

जिला क्रीड़ाधिकारी ब्रजेश सोनी ने बताया कि मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बताया कि इसके तहत 15 मई को स्टेडियम में विकास भवन व बीएसए कार्यालय के कर्मचारियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन कराया जाएगा।




स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेते युवा। अमृत विचार

# जिलाधिकारी ने वोटर्स को भेजा आमंत्रण पत्र

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार**। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप चंद्रशेखर शुक्ला ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम से जनपद के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन के पांचवें चरण 20 मई को अपने अपने मतदान स्थल पर मतदान हेतु आमंत्रित करते हुए आमंत्रण पत्र जारी किया।

आमंत्रण पत्र डिजिटल एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मतदाताओं को पहुंचाया जा रहा है। इसको भेजने का उत्तरदायित्व स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली के माध्यम से जनपद के समस्त मतदेय स्थल के बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया गया है। जो प्रत्येक मतदाता तक आमंत्रण पत्र भेजकर मतदान हेतु आमंत्रित करेंगे।



आमंत्रण पत्र जारी करते जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय व अन्य। अमृत विचार

# हाईवे पर तीन किसानों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

## खागा क्षेत्र में गेहूं की कतराई कर वापस लौट रहे थे किसान

संवाददाता, फतेहपुर

- एक किसान को गंभीर हालत में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली क्षेत्र के मेवात ढाबा के सामने नेशनल हाईवे पर अज्ञात ट्रक ने ट्रैक्टर की मरम्मत कर रहे तीन किसानों को रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। हादसे में दो किसोनों की अस्पताल पहुंचाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं तीसरे घायल किसान को भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हथगाम थाना क्षेत्र के इरादतपुर धर्मंगतपुर निवासी रिंकू सिंह, कज्जल सिंह और बिछहर गांव निवासी शंकर रविवार को असोथर के सातों गांव ट्रैक्टर थ्रेसर लेकर गेहूं की कतराई करने गए थे। जहां से देर रात कतराई करने के बाद वापस लौट रहे थे। तभी हाईवे में मेवात ढाबा के पास ट्रैक्टर में कुछ खराबी आ गई तो हाईवे किनारे ट्रैक्टर खड़ा कर वह ट्रैक्टर की मरम्मत करने लगे। तभी प्रयागराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को रौंद दिया और मौके से भाग निकला। ढाबे में मौजूद लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर खागा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को हरदों सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने रिंकू सिंह और शंकर को मृत घोषित कर दिया। वहीं कज्जल को जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सड़क हादसों में युवक की मौत, दो घायल

**फतेहपुर।** सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। दो हादसों में दो युवक घायल हुए हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी ब्लाक के सामने एक 28 वर्षीय एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इलाज दौरान मौत हो गई। उधर, सुल्तानपुर घोष थाने के कस्बा निवासी अनिल कुमार सिंह बाइक से प्रेमनगर जा रहा था। घर लौटते समय चौराहे के पास किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गया। डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर किया। मलवां थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी विपिन कुमार पटेल बाइक से हाईवे की ओर गया था। रोड किनारे बाइक फिसलने से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पार्टी में भोजपुरी गाना बजाने पर मारपीट, तीन घायल

**बिंदकी।** बर्थडे के मौके पर डीजे में भोजपुरी गाना बजाने को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। जिसमें एक किशोर सहित कुल तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के वीरपुर गांव में गुलाब कुशवाहा के पुत्र शिवांश का बर्थडे था। बर्थडे के मौके पर डीजे में भोजपुरी गाना लगाकर लोग डांस कर रहे थे। भोजपुरी गाना बजाने को लेकर पड़ोसी धर्मेंद्र ने नाराजगी जाहिर की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद के बाद झगड़ा और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में एक पक्ष से नरेंद्र पुत्र रामकरण व दूसरे पक्ष से धर्मेंद्र और उनकी पत्नी कमला देवी घायल हो गई। तीनों घायलों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं दोनों पक्ष के लोगों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एक बार फिर से मंडी समिति में लगी आग

मौदहा (हमीरपुर)

- दमकल ने समय से पहुंचकर आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में बीती शाम तीसरी बार आग लगने से वहां खासा हड़कंप रहा। यह आग बेहद खतरनाक थी और मंडी के मुख्य कानपुर-महोबा मार्ग की ओर गेट के निकट कूड़े के ढेर से शुरू हुई। यहीं से गल्ला व्यापारियों के व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं। इस समय उनके गोदाम में सभी प्रकार की जिंसें रखी हुई हैं। सूचना पर तत्काल अग्निशमन की गाड़ी वहां पहुंच गई और इस आग पर काबू पा लिया गया।

इससे पूर्व सब्जी मंडी की ओर जहां भारी वृक्षारोपण किया गया था। वहां दो बार भीषण आग ने छोटे-बड़े कई पेड़ जला डाले और भारी प्रदूषण होने की वजह से धुआ छाया रहा। वहीं छोटे बड़े नए व पुराने वृक्षों को नुकसान हुआ। इस संबंध में मौदहा अग्निशमन केंद्र प्रभारी रमेशचंद्र मिश्रा ने लोगों से अपील की है कि वह है मंडी समिति में बार-बार लगने वाली आग से बचाव में सहयोग करें और बीड़ी, सिगरेट आदि जलती हुई न फेंके। वही मंडी के अधिकारियों से लिखा है कि वह है कूड़ा निस्तारण का स्थान अलग बनाएं और जगह-जगह कूड़े का ढेर न लगने दे।

### दो अधिवक्ताओं की बार संघ सदस्यता रद

**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बार संघ के सदस्य लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व अब्दुल मसूद द्वारा संघ के हितों के विपरीत कार्य करने का दोषी पाया गया है। जिससे निर्णय लिया गया है कि अग्रिम आदेशों तक दोनों अधिवक्ताओं को बार संघ की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है।

## सार-संक्षेप


मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं बीडीओ दिव्या त्रिपाठी। अमृत विचार

### रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया

**सरीला(हमीरपुर)।** खंड विकास अधिकारी ने क्षेत्र के धौहल गांव में कर्मचारियों के संग मतदाता जागरूक रैली निकाली तथा वाहनों में स्टीकर लगाकर मतदान का प्रचार प्रसार किया। सोमवार को खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने क्षेत्र के धौहल तिराहे पर खड़े होकर गुजरने वाले वाहनों पर मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखे स्टीकर चिपकाए तथा गांव में कर्मचारियों के साथ रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इंदरपुरा गांव में मतदाताओं को संकल्प पत्र दिया गया। मंगरौल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। पुरैनी गांव के अमृत सरोवर में मनरेगा मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पंचायत सचिव, प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी, आशा सहित ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।


नेहा को सम्मानित करते अतिथि।

### नेहा व केशव ने जीता ब्राइडल कॉप्टीशन शो

**बांदा।** पिछले दिनों रायबरेली में आयोजित ब्राइडल कॉप्टीशन शो में नेहा कश्यप और उनके मेकअप आर्टिस्ट केशव ने विनर का खिताब जीतकर जिले के नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि ने दोनों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। एक दिन पूर्व रायबरेली के एक होटल में आयोजित ब्राइडल कॉप्टीशन शो में बांदा की बेटी ने अपने मेकअप आर्टिस्ट के साथ स्टेज पर वाक कर जलवे बिखेरे। जानी-मानी सेलिब्रिटी खुशी शेक ने ट्राफी देकर विजेता का खिताब सौंपा। नेहा कश्यप शहर के सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नजदीक स्थित ज्योति नगर की रहने वाली हैं। वह अब तक आधा दर्जन से ज्यादा फैशन शो में भागीदारी करते हुए कई खिताब जीत चुकी हैं। ब्राइडल कॉप्टीशन में पहला स्थान पाने के बाद नेहा ने बताया कि उन्होंने शहर के कटरा निवासी मेकअप आर्टिस्ट केशव ने लहंगा खुद डिजाइन किया था।

### जुनैद बने सपा अल्पसंख्यक सभा के नगर अध्यक्ष

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सपा अल्पसंख्यक सभा का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहम्मद जुनैद का सपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष रिजवान खान ने हमीरपुर सदर में जुनैद अहमद को नगर अध्यक्ष बनाया है। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## जीजस मेरी स्कूल में समर कैम्प शुरू, 17 तक चलेगा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 13 से 17 मई तक बच्चे संगीत नृत्य व चित्रकला के गुर सीखेंगे

**अमृत विचार।** कस्बा बिवांर में स्थित जीसस मेरी स्कूल में सोमवार से समर कैंप की शुरुआत हो गई। समर कैंप का उद्घाटन एसएमएम इंटरनेशनल स्कूल अहमदाबाद की प्रिंसिपल सुषमा जादौन और फ्रैंको इंडिया फार्मा के एरिया मैनेजर सचिन जादौन ने किया।

समर कैंप में बच्चे खेल गतिविधि के साथ ही संगीत, नृत्य और चित्रकला के गुर सीखेंगे। यह कैम्प 13 मई से शुरू होकर 17 मई तक चलेगा। समर कैम्प के बाबत जानकारी देते हुए जीसस मैरी स्कूल की प्रिंसिपल अनीता राव ने बताया कि इस समर कैंप में कुल 5 दिन तक अलग-अलग गतिविधियां सुबह आठ से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस समर कैंप में शिक्षक, अतिथि शिक्षक और विशेषज्ञों द्वारा गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आगे उन्होंने बताया कि इसमें रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य संगीत, वादन, नाटक, ग्रुप बाथिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा। 5 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों को एन्जॉयमेंट के साथ बेहतर ट्रेनिंग दी जाएगी। उद्घाटन के मौके पर जीसस मैरी स्कूल के फाउंडर श्री कृष्ण भान सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, भृंगराज सिंह, सर्वेश पाठक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## ढलता पल्लेदारी के नाम पर किसानों का हो रहा है शोषण

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा के मंडी समिति में व्यापारी ढलता पल्लेदारी के नाम पर किसानों का शोषण कर रहे है। प्रति क्विंटल में ढाई किलो की दर से कटौती कर रहे है।

कस्बे में संचालित मंडी समिति में व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण खुलेआम हो रहा है। मंडी में तैनात दलालों द्वारा किसानों और व्यापारियों की सौदा कराई जाती है। जिसमें 60 किलो की तौल में 61 किलो 700 ग्राम पल्लेदारी ढलता किसानों से काटा जाता है। इस मंडी में क्षेत्र के 42 गांवों के किसान अपनी उपज बेचने आते है। जल्ला गांव के किसान राम सिंह व महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वसूली की शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बाइक सवार युवकों ने किया वकील को लूटने का प्रयास

सुमेरपुर(हमीरपुर)

- अधिवक्ता ने एक युवक को दबोच कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार।** रविवार की रात हमीरपुर जा रहे अधिवक्ता की कार को अतरैया मोड़ के पास रोक कर कुछ युवकों ने लूट का असफल प्रयास किया। अधिवक्ता ने एक युवक को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द किया है और लूट की घटना का प्रयास करने की तहरीर सौंपी है। पुलिस ने लूट के प्रयास को बेबुनियाद बताया है।

अतरैया गांव निवासी रामदत्त पाठक मुख्यालय में रहकर वकालत करते हैं। रविवार को रात करीब 8:30 बजे यह कार से पत्नी अर्चना पाठक व पुत्र उज्जवल पाठक के साथ अतरैया से हमीरपुर जा रहे थे।

अतरैया मोड के समीप चार बाइकों में आठ युवक पहले से घात लगाकर बैठे थे। उन्होंने कार रोकने का प्रयास किया। कार न रोकने पर बाइक सवारों ने कस्बे तक पीछा किया। कस्बे के अंदर दाखिल होने पर वकील ने एक युवक को दबोच कर थाने पहुंचा और लूट के प्रयास की तहरीर पुलिस को सौंपी है।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि लूट के प्रयास के आरोप बेबुनियाद है। सभी युवक सड़क पर बाइकों को खड़ा करके सड़क किनारे पार्टी कर रहे थे। कार निकालने को लेकर वकील से विवाद हुआ था। मामले की जांच कराई जा रही है।

## ट्रेलर-ट्रक की भिड़ंत में चालक व खलासी घायल




**बांदा।** सोमवार की दोपहर ट्रक गिटटी भरने कबरई जा रहा था। तभी मवई बाईपास के समीप समने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने ट्रक में टक्कर मार दिया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रेलर आनियंत्रित होकर खंती में घुस गया। ट्रक में सवार चालक अनिल (50) और रमना पन्ना निवासी खलासी नीलेश (18) पुत्र राजेश घायल हो गए। हादसे को देख मौके पर पहुंचे आसपस के लोगो ने दोनो घायलो को ट्रक से बाहर निकाला उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया

**बांदा।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में 85 फीसदी मतदान की कवायदों में जुटा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने लाभार्थियों के साथ शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम वर्मा व रजनी मरजीना की अगुवाई में सोमवार को शहर के खाईंपार और चैसठ जोगिनी मोहल्ले में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। लोगों से वोट करने की अपील की गई। इस दौरान सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मतदान हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार आदि नारे लिखे बैनरों से लोगों को जगरूक किया।

## यमुना कटरी के गांवों तक रैली का आमंत्रण

संवाददाता फतेहपुर

- शक्ति केंद्र से बूथों तक पीले चावल देकर दे रहे निमंत्रण
- बूथ अध्यक्षों के साथ विधायक निभा रहे जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** 17 मई को होने वाली हवाई पट्टी मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा की तैयारियों में भाजपा के कार्यकर्ता जिम्मेदारी निभाने में लगे हुए हैं।

जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोग प्रधानमंत्री के विचारों को सुनें इसे लेकर बूथ अध्यक्षों, व पदाधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचकर पार्टी को समर्थन की अपील के साथ ही रैली में शामिल होने के लिए हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। सोमवा को अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता व पार्टी समर्थकों द्वारा संराय, अन्दीपुर के साथ ही यमुना कटरी के जरौली में लोगों को जनसभा के लिए आमंत्रित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जनसभा संख्या प्रमुख की जिम्मेदारी जिला प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल को दी गई है। वहीं सभास्थल के आसपास के क्षेत्र की संख्या एकत्रीकरण के लिए जिला महामंत्री उदय लोधी के साथ ही जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह लोहारी को लगाया गया है। सभी दायित्वधारियों की टीमें लगातार क्षेत्र में लोगों आमंत्रित कर रहीं हैं।

## प्रचार में सोशल मीडिया बना सहारा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सोशल मीडिया पर भी छिड़ा चुनावी संग्राम पूरे रंग में आया
- लोकसभा चुनाव में सूचना एवं संचार तकनीक आ रही काम

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सूचना एवं संचार तकनीक प्रत्याशियों और मतदाताओं के सिर चढ़कर बोल रही है। उम्मीदवारों के लिए किसी नुक्कड़ सभा या जनसभा की जरूरत नहीं है, रोज हजारों मतदाताओं तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया ही काफी है। उम्मीदवार एवं उनके समर्थक अब रोज हजारों मतदाताओं तक सोशल मीडिया के मंचों के जरिए अपनी बातें पहुंचा रहे हैं।

सोशल मीडिया पिछले कुछ वर्षों से दृश्य, श्रव्य एवं लेखन के जरिए विचारों के आदान प्रदान का बेहतर माध्यम बना हुआ था। अब चुनावों में भी इसका भरपूर प्रयोग दिख रहा है। सभी प्रत्याशी एवं उनके समर्थक इसका भरपूर प्रयोग कर रहे हैं। प्रत्याशी एवं उनके समर्थक सोशल मीडिया के जरिए अपने विचारों से मतदाताओं को वाकिफ करा रहे हैं। फेसबुक, व्हाट्सअप एवं ट्वीटर के द्वारा हर रोज सैकड़ों पोस्ट की जा रही हैं।

जिससे लोगों को प्रत्याशियों के विचारों एवं उसके प्रचार की जानकारी मिल रही है। समर्थक रोज अपने प्रत्याशी का प्रचार करते हुए वीडियो एवं फोटो अपलोड करते हैं। जिस पर लोग कमेण्ट व लाइक भी करते हैं। मतदाताओं को बताया जाता है कि प्रत्याशी ने आज नगर के किस क्षेत्र में प्रचार किया है और वहां का क्या माहौल दिखा।

### जानकारों की भी ली जा रही मदद

जिन प्रत्याशियों को स्वयं फेसबुक या व्हाट्सअप संचालित करने का पर्याप्त अनुभव नहीं है, उनके सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को चलाने के लिए पेशेवरों की मदद ली जा रही है। प्रत्याशियों के व्हाट्सअप ग्रुप बनाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से अपना चुनाव प्रचार का प्रसार किया जा रहा है।

### कमेंट व लाइक से भांपते हवा का रुख

प्रत्याशी एवं उनके समर्थक अपनी पोस्टों पर मिलने वाली लाइक्स एवं कमेंट से हवा का रुख भांपते दिख रहे हैं। प्रचार एवं विचार पर आने वाली टिप्पणियों से प्रत्याशियों को अवगत कराया जा रहा है। उन्हें बताया जाता है कि किसी मतदाता से या किस क्षेत्र में अभी परिश्रम की जरूरत है। सोशल मीडिया में मची हलचल से युवा वर्ग में प्रत्याशी के प्रति पनप रहे भावों का भी अंदाजा लगाया जा रहा है।

## एप से सौ मिनट में होगा शिकायत का समाधान

संवाददाता फतेहपुर

- सी-विजिल एप का प्रयोग कर सकेगा आम नागरिक

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोजन की ओर से सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित शिकायत की जा सकती है। शिकायत करने के सौ मिनट के भीतर कार्रवाई की समय सीमा तय है।

फतेहपुर जनपद में पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसको लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। जिला प्रशासन ने भी चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजिल जारी किया गया है। एप पर चुनाव की घोषणा से मतदान दिवस तक शिकायत की जा सकती है। इस एप को मोबाइल के प्ले स्टोर से डाउन लोड करके आसपास हो रहे आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की फोटो व वीडियो या अन्य साक्ष्य अपलोड करना है।

लोकेशन ऑन होने से यह आटोमैटिक जगह को चिन्हत कर लेगा। शिकायत के सौ मिनट में कार्रवाई होगी व मतदाता को हो रही असुविधा को दूर किया जाएगा। सी-विजिल एप के जरिए चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से नजर रखी जाएगी।

**विश्व नर्सिंग दिवस** | कोरोना काल के दौरान नर्सों द्वारा दिए गए सहयोग की कार्यक्रम में सराहना की गई

# फ्लोरेंस का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत

कार्यालय संवाददाता, बांदा


पैरामेडिकल कॉलेज में सात नर्सों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नरैनी रोड तिंदवारा स्थित पैरामेडिकल कालेज एंड नर्सिंग स्कूल में सोमवार को विश्व नर्सिंग दिवस के अवसर पर जहां अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य के लिए सात नर्सों को फ्लोरेंस नाइटेएंगल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कोरोना काल में नर्सों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की गई। छात्र-छात्राओं को नर्सिंग नैतिकता पर चलने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के चेयरमैन मकबूल अली खान ने नर्सिंग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1854 ईसवी में ब्रिटिश क्रांति के दौरान फ्लोरेंस के द्वारा घायल सैनिकों की मदद की गई। इसी सेवा के कारण फ्लोरेंस को नाइटेएंगल की उपाधि एवं लेडी विद द लैंप के नाम से नवाजा गया था। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने फ्लोरेंस नाइटेएंगल के जीवन पर आधारित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज प्राचार्य डा.एके शर्मा ने सिस्टर अमिता, सिस्टर सविता कन्नौजिया, सिस्टर प्रीति, सिस्टर आरती, सिस्टर साजिया, सिस्टर सावित्री और हेमंत शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए फ्लोरेंस नाइटेएंगल अवार्ड से सम्मानित किया गया। मेडिकल कालेज प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को फ्लोरेंस नाइटेएंगल के जीवन आदर्शों को प्रेरणा स्त्रोत बताया। चेयरमैन मकबूल अली खांन और डायरेक्टर डा.जरीना खान ने छात्र-छात्राओं को नर्सिंग नैतिकता पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम (स्टाफ नर्स) और एएनएम तथा डीपीटी छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस मौके पर प्राचार्य सीमा खातून, डा.ज्ञान प्रकाश, डा.आनंद, मंसूर अली खान, मंजूर अली खान, मनोज त्रिपाठी, डा.प्रदीप, शमीम खांन, जितेंद्र कुमार, भारिया अहमद, सविता, अकाशदीप, राधेश्याम, प्रियांशु, शीलम रैकवार, आकांक्षा शुक्ला, वैशाली, फैजान मसूदी, सलमा खातून, अफताब अहमद, साक्षी, शिवाकांत, मुकेश अंकिता, अनुभा हरीदास, अजीत और अबरार आदि मौजूद रहे।

## मजदूर समेत दो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांदा।** अलग-अलग घटनाओं में मजदूर समेत दो ने फांसी लगाकर जान दे दी। बिसंडा थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा निवासी महेश (35) पुत्र लल्लूराम ने रविवार की रात घत के ऊपर बने कमरे में छप्पर की धन्नी में अंगौछा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद छत आई पत्नी ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतक के पिता ने बताया कि महेश खेतिहर मजदूर था। वह शराब पीने का आदी था। अक्सर शराब पीकर घर आता था। पत्नी इसका विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद होता था। घटना वाली रात वह नशे की हालत में घर आया और उत्पात मचाने लगा। पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। उधर, मर्का थाना क्षेत्र के पिंडारन गांव निवासी बलराम (55) ने रविवार को घर से कुछ दूर खेत में लगे बबूल के पेड़ पर पैजामा और अंगौछा का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। शाम को खेलने पहुंचे बच्चों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा।

# टंकी के बगल में अधूरा छोड़ा नाला


पानी टंकी के फाउंडेशन में ही गिरा दिया गया नाला। अमृत विचार

संवाददाता, औंग-फतेहपुर

- जल शक्ति मिशन योजना के अन्तर्गत बन रही टंकी

**अमृत विचार।** स्थानीय कस्बे के मजरे कीचकपुर में बन रही पानी की टंकी के पास नेशनल हाईवे की कार्यदाई संस्था पीएनसी ने गोधरौली औंग का नाला यहीं पर बनाकर छोड़ दिया है। जिससे बरसात के दौरान पानी की टंकी का कंपाउंड तालाब में परिवर्तित होने की प्रबल संभावना है।

जल शक्ति मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम कीचकपुर में करीब दस महीने से वाटर हेड टैंक के निर्माण का कार्य चल रहा है, इसकी गति से ग्रामीण ठेकेदार और सम्बन्धित अधिकारियों की नीयत में खोट का पूरा नजारा देख रहे हैं। अभी तक 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं हुआ। यह टंकी 05 करोड़ 80 लाख की कीमत से बनाई जा रही है। जिस पर नेशनल हाईवे का काला साया मंडरा रहा है। इधर टैंक का निर्माण अभी अधूरा है और दूसरी तरफ पीएनसी ने दो गांव का नाला यहीं पर बनाकर छोड़ दिया है। लोगों ने कहा कि बरसात में नाले का पानी यहीं पर भरने से टंकी गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। पीएनसी मैनेजर शिलप्रिया का मोबाइल स्विचऑफ रहता है। हाईवे के पीडी ने फोन पर कहा कि व्हाट्सएप पर फोटो भेज दो दिखवाते हैं।

> पीएनसी से बात कर इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। यदि समय रहते नाले का पानी टंकी के कंपाउंड में जाने से नहीं रोका गया तो टंकी के नुकसान की संभावना है। जिसकी जिम्मेदारी नेशनल हाईवे की होगी।
>
> **ममता शुक्ला, ग्राम प्रधान औंग**

# राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराने वालों को वोट से ठुकराएं

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जालौन के माधौगढ़ में की सभा, मोदी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

संवाददाता माधौगढ़, उरई, जालौन

**अमृत विचार।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा जिन लोगों ने अयोध्या में प्रभुश्री राम जन्म मंदिर का आमंत्रण ठुकराया, उसी तरह इस बार के चुनाव में जनता उन्हें वोट से ठुकराने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने माना था कि 1 रुपया भेजता हूं तो 15 पैसा ही विकास कार्य में लगता है। बाकी 85 फीसदी बजट बंदरबांट में चला जाता है। यह सत्यता उन्होंने स्वीकार की थी, लेकिन मोदी सरकार ने ऐसे भृष्टाचार को खत्म करने के लिए गरीबों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं का 34 लाख करोड़ रुपया सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजा है।

मौर्य सोमवार को यहां स्व. बहादुर सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के पक्ष में जनसभा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री मौर्य की आयोजित जनसभा में भारी भीड़ जुटी, जिसे देख उत्साहित डिप्टी सीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज को टटोलते हुए राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा और हिंदू-मस्लिम के मुद्दे को उठाकर जुटी भीड़ की खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि गरीबों को हमेशा फ्री राशन मिलता रहे, कच्चे मकान पक्के बनाते रहें, शौच के लिए खेतों में न जाना पड़े, इसके लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। मौर्य ने मोदी सरकार में बुंदेलखंड के एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण समेत भाजपा की केंद्र सरकार की उपलब्धियों का सिलसिले बार बखान किया। उन्होंने महिलाओं, नौजवानों, बुजुर्गों, छात्रों से भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए कहा कि डिफेंस कॉरिडोर बनने के बाद सैकड़ों उद्योगपति बुंदेलखंड में पूंजी निवेश के लिए आतुर दिखाई दे रहे है। जिनसे बुंदेलखंड के नौजवानों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं बनती दिखाई दे रही हैं। बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। समूह के माध्यम से 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम मोदी सरकार कर रही है। स्मार्ट सिटी बनाने में बड़ी उपलब्धि हासिल करने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने अब स्मार्ट गांव बनाने की योजना तैयार की है। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 3 करोड़ और गरीबों को पक्के मकान की सौगात देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा के दोनों नेता कन्नौज और रायबरेली से हारने जा रहे हैं। सपा को गुंडों की सरकार बताते हुए प्लॉट, जमीनों पर कब्जा करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार में गुंडागर्दी खत्म हो गयी है। उत्तर प्रदेश के माफिया त्राहिमाम कर गले में तख्तियां लटका कर थानों में पहुंच रहे हैं। सपा मुखिया का नाम लिए बगैर मौर्य ने मुख्तार अंसारी के कब्र पर जाने और आंसू बहने के मुद्दे को भी बड़ी चतुराई से जनसभा के माध्यम से जनता तक पहुंचाया। इससे उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप वर्मा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का कार्यकर्ताओं से हाथ उठवा कर संकल्प दिलाया। सभा को माधोगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन,सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी , भाजपा की जिला अध्यक्ष उर्विज दीक्षित ने संबोधित किया,आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने किया।



सभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार


कार्यकर्ताओं से मिलते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

### डिप्टी सीएम ने विधानसभा क्षेत्र के विकास का किया वादा

महाविद्यालय के खचाखच भरे प्रांगड़ से डिप्टी सीएम गदगद दिखे,उन्होंने माधौगढ़ विधानसभा के लिए विकास के रास्ते लखनऊ से खोलने का वादा किया। डॉ दिलीप सेठ की देखरेख में हुई व्यवस्था से कार्यकर्ता भी खुश नजर आए। पानी,कूलर की व्यवस्था अच्छी होने से गर्मी भी कार्यकर्ताओं के जोश को कम नहीं कर सकी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में आये आशु चतुर्वेदी ( विधायक प्रतिनिधि कालपी ),शीतल कुशवाहा,रविन्द्र राजावत,प्रबल प्रताप सिंह के नाम लेकर उनसे भाजपा को जिताने की अपील की।


सीबीएसई का परिणाम आने के बाद उत्साहित मेधावी व स्टाफ। अमृत विचार

# सीबीएसई : 12वीं में सिद्धार्थ 97.6 प्रतिशत के साथ अव्वल

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सीबीएसई 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इसमें एसआर इंटर कॉलेज उरई में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले सिद्धार्थ शुक्ला ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। विद्यार्थी ने फिजिक्स में 99, केमिस्ट्री में 99, पेंटिंग में 99 नंबर लाकर विद्यालय को गर्व की अनुभूति प्रदान की। प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला ने बताया कि कुल 382 बच्चों ने परीक्षा दी, जिसमें वंशिका रायकवार 95.8 प्रतिशत लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। हर्षित शिवहरे 93.6 प्रतिशत, शिवम् कुमार 93.4 प्रतिशत, विवेक कुशवाहा 93.2 प्रतिशत, दीप्ति दिवेदी 93 प्रतिशत, रिषभ विश्वकर्मा 93 प्रतिशत, रितिक पाठक 91.6 प्रतिशत, शौर्य गुप्ता 91.4 प्रतिशत, उज्जवल बुधौलिया 91 प्रतिशत, विपिन कुमार सोनी 90.8 प्रतिशत, प्रियांशी पुरवार 90.8 प्रतिशत, नित्या त्रिपाठी 90.6 प्रतिशत, अनुप्रिया 90.6 प्रतिशत, अवनि पटेल 90.4 प्रतिशत, स्नेहा 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### 10वीं में आरुष को 94.2 प्रतिशत अंक

कक्षा दस में पढ़ने वाले आरुष पटेल 94 .2 प्रतिशत ने कक्षा 10 में विद्यालय स्टार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रवीण कुमार 94 प्रतिशत जानवीं निरंजन 93 .6 प्रतिशत, कृष्णा सोनी 93 प्रतिशत सोमेश सेन 92 .8 प्रतिशत गौरव सिंह 92 .2 प्रतिशत अरविन्द कुमार 91 .8 प्रतिशत ओम दीक्षित 91 .2 प्रतिशत शास्वत श्रीवास्तव 90 .6 प्रतिशत सूर्याश अग्निहोत्री 90 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ . सीपी गुप्ता ने बच्चों को तथा उनके अभिभावकों को इस परिणाम के लिए बधाई दी। विद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ . रमाकांत दिवेदी ने विद्यार्थियों को तथा उनके अभिभावकों का अभिनन्दन किया गया।

# गर्मी का कहर शुरू, डायरिया रोगियों की बढ़ रही संख्या

संवाददाता कालपी (जालौन)

- चिकित्सक बोले, सादा पानी पीते रहें, ठंडी चीजों से बचें

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम की वजह से उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। निजी तथा सरकारी अस्पताल में रोगियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रोगों से बचाव करने के लिए डॉक्टरों ने नागरिकों को गर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी है।

विदित हो कि इस साल मई के महीने में ही गर्मी का पारा बहुत अधिक बढ़ गया है। इस वजह से उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता के अलावा चिकित्साधिकारी डॉक्टर विशाल सचान, डॉ रुबी सिंह, डॉक्टर शेख शहरयार,डॉ. गोपाल जी द्विवेदी मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं। डाक्टर गोपाल द्विवेदी ने बताया कि दिन की अपेक्षा रात में इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान अधिक डायरिया रोगी अस्पताल आते हैं। चिकित्सकों ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि अपने आसपास पानी का जमाव न होने दें, जहां पानी का जमाव होता है वहां मच्छर पनपते हैं। सादा पानी का प्रयोग करें तथा ठंडी चीजें खाने से बचाव करें, मसालेदार व भारी भोजन न करें। भीषण का महीना शुरू होते ही भीषण गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, बाहरी चीजों को खाने से बचें, सलाद का भरपूर उपयोग करें।

# प्रेम-प्रसंग के चलते हुई थी युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, जालौन

- माडरी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**अमृत विचार।** ग्राम माडरी में गत दिनों हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में दम्पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में राजबहादुर उर्फ पल्लू कुशवाहा पुत्र स्व. रदौले निवासी, ग्राम माडरी तथा शिवबती पत्नी राजबहादुर को गिरफ्तार किया।

सीओ राम सिंह व कोतवाल विमलेश कुमार ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि आरोपी राजबहादुर उर्फ पल्लू कुशवाहा पुत्र स्व. रदौले निवासी ग्राम माडरी तथा शिवबती पत्नी राजबहादुर ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। बताया कि आरोपी राजबहादुर कुशवाहा ने बताया कि मैं अपनी पत्नी के साथ बाहर कमरे में सो रहा था और रात को अचानक आंख खुल जाने पर देखा कि घर का दरवाजा खुला है तो चोर होने की आशंका पर लोहे की शब्बल उठाकर घर में खोजने लगा तभी एक कमरे में उसकी बेटी मृतक आकाश के साथ नजर आ गई। इस पर आवेश में राजबहादुर ने सब्बल से ताबड़ तोड़ हमला कर आकाश की हत्या कर दी। इसके बाद पत्नी शिववती के साथ मिलकर शव को बोरी में भरकर रात के अंधेरे में गांव के बाहर खेत में ले गए और शव को फेंक कर घर लौट आए। गौरतलब है कि ग्राम माडरी में शनिवार की सुबह गंगा प्रसाद कुशवाहा पुत्र गौरी शंकर कुशवाहा के खेत में आकाश गुप्ता ऊर्फ गोलू का रक्त रंजित शव बरामद हुआ था। मृतक के पिता विजय नारायण गुप्ता द्वारा कोतवाली में अज्ञात द्वारा मारपीट कर जान से मार डालने की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक इरज रजा के निर्देश पर जालौन कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और एसओजी की दो टीमों का गठन किया गया था। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी और सीओ जालौन राम सिंह ने घटना के विभिन्न पहलू की जांच पड़ताल की और सोमवार सुबह दोनों आरोपियों को गांव के बाहर वीरपुरा रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आकाश की हत्या करने में पति राजबहादुर व पत्नी के खून से सने कपड़े तथा हत्या में प्रयुक्त शब्बल तथा शव को भरकर ले जाने वाली बोरी भूसे से बरामद कर ली। पुलिस ने एक मोबाइल फोन, खून से लथपथ कपड़े ,एक बोरी तथा आरोपी का एक टूटा दांत भी बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी राम सिंह व कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी की पुत्री से मृतक गोलू गुप्ता की मित्रता थी।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी दंपति। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


सपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते समर्थक। अमृत विचार

### मतदाता मौन, दौड़ लगा रहे प्रत्याशी और समर्थक

**जालौन।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव मतदान की तिथि नजदीक आ रही है वैसे ही मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में बेचैनी नजर आ रही है। फिर भी प्रत्याशियों के समर्थक भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेसकों का मानना है कि भीषण गर्मी और मतदाताओं की चुप्पी से 20 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत कम होता नजर आ रहा है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे ही मतदाता मौन नजर आ रहा है। जिससे प्रत्याशियों में बेचैनी नजर आ रही है और उनके समर्थक भी मतदाताओं की चुप्पी खुलवाने के लिए बेचैन हैं। जिसके कारण उन्हें डर सता रहा है कि मतदान प्रतिशत कहीं बहुत कम न हो जाए। वहीं नगर के समाज सेवी देवी दयाल का कहना है कि हर बार जो प्रत्याशी जीत जाता है वह जालौन नगर में कोई भी कार्य नहीं करता, जिसके कारण नगर काफी दिनों से अपेक्षा का शिकार होता चला आ रहा है। अब वह चयन करेंगे कि कौन प्रत्याशी को वोट देंगे। सामाज सेवी विनय श्रीवास्तव कहते हैं कि नगर में बस स्टैंड दिया गया था जिसको वर्षों बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। अशफाक रायन कहते हैं कि नगर में कई बार रेलवे लाइन को लेकर आमरण अनशन किए गए लेकिन किसी नेता ने इसकी कोई पहल नहीं की।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**कालपी( जालौन )।** नगर में संचालित सवारियों को आने-ले जाने के लिए ई रिक्शा के बेतरतीब तरीके से चलाने से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सोमवार को अनियंत्रित ई रिक्शा पलटने से एक महिला घायल हो गई। पीड़िता के भाई के ओर से चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# केक काट कर मनाया नर्सेज-डे

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

.**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज-डे रविवार को जिला पुरुष अस्पताल परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटा गया और एक दूसरे के नर्सेज डे की बधाई दी गई।

पूर्व सीएमएस डॉ. अविनेश कुमार ने कहा कि नर्सेज डे फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस को नर्सेज डे के रूप में मनाया जा रहा है। नाइटिंगेल ने अपनी सेवा से लोगों के जीवन को बचाने का काम किया था। आज भी नर्स सेवाभाव से काम कर रही हैं। राजकीय नर्सेज संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव हृदयनारायण राजपूत ने कहा कि नर्सिंग कैडर चिकित्सक और मरीज के बीच सेतु का काम करता है। नर्सों का सीधा जुड़ाव मरीज से होता है और वह मरीज की सेवा से उन्हें आत्मीय रूप से ठीक करने का काम करती है। नर्सों को अपना काम जिम्मेदारी से करना चाहिए। उनकी स्थानीय और प्रांतीय स्तर की कोई समस्या हो तो उसे सुलझाने का काम करेंगे। जिला अस्पताल की कार्यवाहक मेट्रन ऊषा दोहरे ने कहा कि नर्स डे पर हम सभी नर्सों को यह संकल्प लेना होगा कि अपना काम ईमानदारी से करते हुए मरीजों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह तो जुलाई में सेवानिवृत्त हो रही हैं लेकिन वह चाहती है कि नर्सेज डे पर इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहें। अर्चना सक्सेना, वर्षा माली, सुलोचना, निर्मला, नेहा सिंह, आरती पस्तोर, प्रियंका सिंह, ममता साहू, रश्मि यादव, आकांक्षा गौतम, सोनाली गौतम, कल्याणी, मेघा आर्या, पवन आदि मौजूद रहे।


जिला अस्पताल में नर्सेज-डे मनाते नर्सिंगकर्मी। अमृत विचार

# 22 शराब के पाउच सहित अधेड़ गिरफ्तार

**कालपी(जालौन)।** ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब बेचने ले जा रहे एक अधेड़ को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी करके 22 पाउच शराब सहित पकड़कर जेल भेज दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र की ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह दलबल सहित आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशील थें। तभी कालपी कोतवाली क्षेत्र के कुरहना आलमगीर में पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी लालाराम पुत्र स्व. गरीवा निवासी ग्राम कुरहना आलमगीर को पकड़ लिया तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 22 अवैध शराब के पाउच बरामद किये। पुलिस ने आवकारी एक्ट की धारा 60 के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को जेल भेज दिया।


मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देते जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

# छह सौ मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में 600 मतदान कार्मिकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दल पूर्ण पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न करायेगे। मतदान केंद्र पर उस दिन किसी भी व्यक्ति का आतिथ्य स्वीकार नही करेगे, साथ ही मतदान केन्द्र के चारो तरफ 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे- पोस्टर, बैनर इत्यादि का प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए । यदि कोई सामग्री पायी जाये तो उसे तत्काल हटे दी जाये ।उन्होने कहा कि किसी भी व्यक्ति को मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाईल फोन, वीडियो/फोटो कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है ।मतदान की गोपनीयता बनाये रखने के लिए ऐसा सुनिश्चित कराया जाय। अतएव एमपीएस ऐप पर सभी सूचनाये समयान्तर्गत भरना सुनिश्चित करेंगे। मतदान कार्मिकों को सामन्य निर्देश देते हुये कहा कि निर्वाचन विधि एवं प्रक्रिया में समय-समय पर संशोधन होते रहते है पूर्व निर्वाचन में यदि आप द्वारा कार्य किया गया है तब भी यह आवश्यक है कि निर्वाचन प्रक्रिया को भलीभांति समझ ले। निर्वाचन प्रक्रिया की सैद्यान्तिक व व्यवहारिक जानकारी निर्देश पुस्तिका एवं समस्त प्रपत्रों द्वारा कर ले ताकि मतदान के दिन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सम्पन्न करा सके। मतदान स्थल पर समस्त मतदान अधिकारियों की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान को सम्पन्न कराना ही प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि मतदान सामग्री प्राप्त करते समय यह चैक कर ले कि सीयू, बीयू, वीवीपैट पर लगे ऐड्रेस टैग में लिखे नम्बर और मशीन पर लिखे नम्बर समान है एवं उसी मतदान केन्द्र के लिये आवंटित है जिस मतदान केन्द्र पर आपकी नियुक्त की गयी हैं। उन्होने कहा कि मतदाता द्वारा बाहर से लायी गयी अशासकीय पर्ची अथवा बीएलओ द्वारा जारी पर्ची पहचान के तौर में मान्य नही होगी। उन्होने कहा कि मतदान अधिकारी द्वितीय बायीं हाथ की तर्जनी अंगुली की जांच करेगे कि उस पर अमिट स्याही का कोई चिन्ह पहले से तो नही है अगर यदि है तो मतदान की अनुमति नही दी जायेगी। उन्होने कहा कि मतदाता के बायीं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही इस प्रकार लगायेगे कि नाखून के मूल से ऊपर की तरफ नाखून और त्वचा पर लगे। निर्वाचक नामावली की तीन प्रतियां हैं, तीनों प्रतियां उसी मतदान स्थल की है जिसके लिये आपको नियुक्त किया गया हैं।

आयोजन | माधौगढ़ के लीलावती विवाह घर के सभागार में हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन

# दस जोड़ों ने किया जीवन भर साथ निभाने का वादा

संवाददाता माधौगढ़ (जालौन)

**अमृत विचार।** कस्बा में स्थित लीलावती विवाह घर के सभागार में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवं महेश प्रताप सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि प्रबल प्रताप सिंह राजावत जिला संयोजक प्रधान संगठन रविन्द्र सिंह राजावत पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल शाक्या ब्लॉक प्रमुख के विशिष्ट आतिथ्य एवं रघुवर सिंह राजावत की अध्यक्षता व अरविंद सेंगर जिला योजना समिति सदस्य सभासद और इंजीनियर विकास कुमार के संयोजन में किया गया। सोनम कराई पुरा ने रंजीत उदोतपुरा, लक्ष्मी टिकरी ने विवेक गोरा, अंगूरी अलाईपुरा ने विमल भीमनगर, शिववती छिरिया ने भोले औरेखी को हमसफर तय करते हुए एक दूसरे जयमाला पहनाई मौजूद लोगों ने फूलों की बौछार तालियों की गडगडाहट के साथ हौसला अफजाई की तो वही एक ओर बौद्ध रीति से भंते जी ने तो हिंदू धर्म से पंडित जी ने विवाह की सारी रस्मों पूरी कराई . समिति द्वारा ग्रहस्ती में प्रयोग होने वाले कई सामान का दान नव जोडों को प्रदान किया । मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि सामूहिक विवाह निश्चित रूप से फिजूलखर्ची पर रोक लगाता है । तो वहीं तमाम आडंबरों से बचाव होता । उन्होने कहा कि समिति को धन्यवाद है जो कि सामाजिक कार्यों में बढ़चढकर हिस्सेदारी कर रही है । जिससे कि गरीबों की परेशानी हल हो रही है । विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह एक महायज्ञ एवं पुनीत कार्य है इसमे सबको बढ़चढकर हिस्सेदारी करनी चाहिए प्रबल प्रताप सिंह राजावत ने कहा कि सामूहिक विवाह निश्चित ही अच्छी पहल है इनसे धन और समय की फिजूल बर्वादी बच जाती है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि गरीब कन्याओं का कन्यादान करना सबसे पुण्य का कार्य है इसमे सभी लोग सहभागी बनें इंजी विकास कुमार और अरविंद सेंगर सभासद ने आभार जताया कार्य क्रम का सफल संचालन एडवोकेट अखिलेश कुमार सविता ने किया .इस मौके पर परमाल मौर्य दिनेश बौद्ध देवेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे. सभी कन्याओं की विदाई डीजे और गाजेबाजे के साथ लोगों नांचते थिरकते हुए की ।


नवदंपतियों को आशीर्वाद देते विधायक मूलचंद निरंजन। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **यशोदा पत्नी स्व0 प्रेम कनौजिया बसंत कुंजयोजना, निवासिनी – सेक्टर–एच / 14 / 24, हरदोई रोड, काकोरी जनपद लखनऊ – 227107** मैं अपनी पुत्री अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी पुत्री स्व0 प्रेम कनौजिया जो कि मुझे बिना बताये घर से चली गयी है तथा किसी व्यक्ति से अपना विवाह कर लिया है जिससे मैं व मेरा परिवार क्षुब्ध होकर उपरोक्त अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही है तथा आज के बाद अंकिता कनौजिया उर्फ शिवानी द्वारा किसी भी प्रकार का अनैतिक / गैर कानूनी कार्य के लिए जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी ।मेरा व मेरे परिवार से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा ।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम JANG BAHADUR SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम JANG BAHADUR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: NARENDRA KUMAR SINGH, R/O- SAMAISA, KHERI

**सूचना**

पहले मेरा नाम SYED YASOOB HAIDER था अब मैंने बदलकर अपना नाम YASOOB HAIDER रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SYEDALIAFSER ABDI, R/O- 4/5/57, AKHTER PRESS IMAMBARA, FAIZABAD, AYODHYA

**सूचना**

सूचित हो कि **हर्षित मौर्य पुत्र सियाराम मौर्य, निवासी– हाजीपुर बरूआर, पोस्ट– मेवपुर, बरचौली, जिला–सुल्तानपुर, मो0 –7379990372**, मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक– 212192520 वर्ष 2021 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति रमेश चंद्र जूनियर टेक्नीशियन एनटीपीसी के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम देवी दर्ज है , जो अपूर्ण और गलत है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम श्रीमती देवी दर्ज है , जो पूर्ण और सही है ।अत: मेरे पति के सेवा अभिलेखों के मेरा पूर्ण नाम श्रीमती देवी दर्ज किया जाए ।– **श्रीमती देवी पत्नी रमेश चंद्र निवासिनी – चंदेलन का ताल , मजरे – अरखा मुस्तकिल , तहसील – ऊंचाहार , रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD IQBAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम IQBAL ALI रख लिया है ।भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MAULA BAKSH, R/O-BHARTIYA PO-RAHIMABAD MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा नाम Sunil Kumar Yadav s/o Ram Sajeevan Yadav दर्ज है , जो त्रुटिपूर्ण और गलत है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज है , जो सही है ।अत: ड्राइवरिंग लाइसेंस में मेरा सही नाम Sushil Kumar s/o Ram Sajivan दर्ज किया जाए ।– **सुशील कुमार पुत्र राम सजीवन , निवासी – ग्राम – धनेही , मजरे मवई , प.– सलोन, तहसील – ऊंचाहार , जिला – रायबरेली**

